दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। सोमवार 27 अक्टूबर-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 308 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




# स्वस्थ नागरिक ही मजबूत राष्ट्र की नींव: द्रौपदी मुर्मू

## सीएम योगी बोले, यशोदा मेडिसिटी में मिलेगा वर्ल्ड क्लास उपचार

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हर बड़ी यात्रा किसी व्यक्तिगत पीड़ा से शुरू होती है





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी के भव्य लोकार्पण समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें भारत की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल सहित दर्जनों विशिष्ठ अतिथि भी उपस्थित रहे। इंदिरापुरम में बनाए गए इस बेहद अत्याधुनिक और कैंसर जैसी घातक बीमारियों से लेकर अन्य बीमारियों के उपचार के लिए एक ही छत के नीचे सुविधा मिलने वाले यशोदा मेडिसिटी अस्पताल इंदिरापुरम के उद्घाटन अवसर



पर जैसे ही परिसर में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का काफिला पहुंचा तो यशोदा ग्रुप के प्रमुख डॉ. पीएन अरोड़ा और उनकी पत्नी डॉ. उपासना अरोड़ा ने उनका स्वागत किया। जिसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पर्दा हटाकर यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा है कि यह अस्पताल स्वदेशी मिशन के सपने को साकार कर रहा है। वही जिंदगी में पहली बार उन्होंने एक छत के नीचे इतनी सारी व्यवस्थाएं देखे जाने की बात भी की। उन्होंने इस दौरान कहा कि जिस तरीके से कहा गया था जान है तो जहान है यह विकसित भारत के लिए एक नया मील का पत्थर भी साबित होगा।

इस अवसर पर भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यशोदा मेडिसिटी अस्पताल के मैनेजमेंट को धन्यवाद देते हुए भविष्य की शुभकामना दी। तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यह उत्तर प्रदेश में इन्वेस्टमेंट के साथ अपॉइंटमेंट का भी एक बड़ा केंद्र बना है। अब पूरी दुनिया में कैंसर का जो इलाज हो सकता था वह गाजियाबाद और उनके उत्तर प्रदेश में भी होगा।

### राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, सीएम, डिप्टी सीएम सहित दर्जनों वरिष्ठ अतिथियों की उपस्थिति में हुआ यशोदा मेडिसिटी अस्पताल का शुभारंभ











### राष्ट्रपति ने कहा — स्वस्थ नागरिक ही मजबूत राष्ट्र की नींव



करंट क्राइम : उद्घाटन के अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही किसी मजबूत राष्ट्र की नींव होते हैं। उन्होंने चिकित्सा सेवा को केवल व्यवसाय नहीं बल्कि मानवता की सच्ची सेवा बताया। राष्ट्रपति ने कहा, अमीर या गरीब कोई भी व्यक्ति इलाज के अभाव में मरना नहीं चाहिए। अस्पतालों की जिम्मेदारी है कि हर जरूरतमंद को उपचार मिले। चिकित्सा क्षेत्र में अनुसंधान को और बढ़ावा दिया जाना चाहिए। उन्होंने अस्पताल परिसर का भ्रमण किया और अत्याधुनिक उपकरणों व चिकित्सा सुविधाओं का अवलोकन किया।

### अब प्रदेश के लोगों को इलाज के लिए दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि गाजियाबाद में ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं : सीएम योगी



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हेल्थकेयर सेक्टर में निवेश, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण सुविधाओं की दिशा में राज्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा गाजियाबाद में स्थापित यशोदा मेडिसिटी इसका सशक्त उदाहरण है। यह केवल एक अस्पताल नहीं बल्कि वर्ल्ड क्लास हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर की नई परिभाषा है। अब प्रदेश के लोगों को इलाज के लिए दिल्ली जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, क्योंकि गाजियाबाद में ही विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

**योगी बोले — हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिलेंगी** :मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा मिले और हेल्थकेयर सेक्टर में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित हो। उन्होंने भारतीय दर्शन का उल्लेख करते हुए कहा शरीरं माध्यमं खलु धर्मसाधन अर्थात जीवन के सभी उद्देश्यों की पूर्ति एक स्वस्थ शरीर से ही संभव है। मुख्यमंत्री ने डॉ. पी.एन. अरोड़ा और डॉ. उपासना अरोड़ा की टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल चिकित्सा सेवाओं का विस्तार किया बल्कि सेवा और विश्वास का नया अध्याय भी लिखा है।





















### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बोले – पीड़ा ने दी सेवा की प्रेरणा



करंट क्राइम : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यशोदा समूह के संस्थापक डॉ. पीएन अरोड़ा की सराहना करते हुए कहा कि हर बड़ी यात्रा किसी व्यक्तिगत पीड़ा से शुरू होती है। अपनी मां की बीमारी के दौरान जो दर्द उन्होंने झेला, वही आज उनके इस विशाल हेल्थकेयर मिशन की प्रेरणा बना। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इस योजना से अब तक 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। देश में अब 800 मेडिकल कॉलेज हो चुके हैं और मेडिकल सीटें 20 हजार से अधिक बढ़ी हैं उन्होंने कहा।

### जब योगी ने मंच से की राजनाथ सिंह की तारीफ

करंट क्राइम : यशोदा मेडिसिटी अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मंच से कहा कि गाजियाबाद के पूर्व सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हम सबके मार्गदर्शन और प्रदेश के हर विषय पर बेबाकी से राय रखने वाले राजनाथ सिंह का उनको और प्रदेश की जनता को सदैव मार्गदर्शन मिलता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरीके से यशोदा ग्रुप को राजनाथ सिंह समय और साथ देते हैं वह भी काबिले तारीफ है।

### सीएम योगी ने कहा 1000 दिनों में बना इतना बड़ा अस्पताल



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस दौरान यशोदा ग्रुप के प्रमुख डॉ. पीएन अरोड़ा की तारीफ करते हुए कहा कि यशोदा मेडिसिटी का प्रोजेक्ट उनके सामने जब आया था, तब लखनऊ में यूपी सबमिट का आयोजन हुआ था। इस दौरान सीएम योगी ने इस पूरे प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी दी थी, यह अपने आप में रिकॉर्ड है कि इतना बड़ा अस्पताल विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस 1000 दिनों में बनकर तैयार हुआ है।

### हेल्थकेयर में निवेश और रोजगार का नया अध्याय

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि वर्ष 2022 में थर्ड ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दौरान डॉ पीएन अरोड़ा ने इन्वेस्ट यूपी के साथ एमओयू किया था कि गाजियाबाद में अत्याधुनिक अस्पताल की स्थापना की जाएगी। तीन वर्षों में इसे साकार कर दिखाना उत्तर प्रदेश के बदलते निवेश माहौल का प्रमाण है,ह्व मुख्यमंत्री ने कहा। उन्होंने बताया कि यशोदा मेडिसिटी में 5000 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है — जिसमें डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिक्स शामिल हैं।

### यशोदा मेडिसिटी एक नजर में

**स्थान :** शक्ति खंड-2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद।
**क्षेत्रफल :** 8 एकड़ (निर्मित क्षेत्र 12 लाख वर्गफुट)।
**क्षमता :** 1200 बेड, 252 क्ऊव मॉड्यूलर बेड, 20 ओटी।
**तकनीक :** रोबोटिक सर्जरी, एडवांस रेडिएशन ऑन्कोलॉजी।
**सेवाएँ :** कैंसर, न्यूरो, कार्डियक, ट्रॉमा, मातृत्व, बाल चिकित्सा।


### मंचासीन अतिथियों को डॉ. पीएन अरोड़ा ने भेंट की पशमीना शॉल, शंख व प्रतीक चिह्न





करंट क्राइम : यशोदा मेडिसिटी अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को यशोदा ग्रुप के डायरेक्टर और चेयरमैन डॉ. पीएन अरोड़ा द्वारा कश्मीर में बनी खास पशमीशा की शॉल जिनको कारीगरों द्वारा लगभग एक साल में तैयार किया गया था। इसमें खासतौर पर श्रीराम की कढ़ाई दर्शी गई थी। इसके साथ ही शंख और प्रतीक चिन्ह जिसमें उत्तर प्रदेश का लोगो लगाया था, भेंट कर उनको सम्मानित किया।

### कैंसर, रोबोटिक सर्जरी और सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं एक छत के नीचे मिलेगी : पीएन अरोड़ा



करंट क्राइम : यशोदा मेडिसिटी को प्रदेश का उभरता हुआ हेल्थ हब बताया जा रहा है। इस मौके पर डॉ. पीएन आरोड़ा ने बताया है कि इस अस्पाल में 1200 बेड की क्षमता वाले इस अस्पताल में पहले चरण में 600 बेड के साथ संचालन शुरू किया गया है। यहां रोबोटिक सर्जरी, हार्ट सेंटर, क्रिटिकल केयर यूनिट सहित कई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए गए हैं। अस्पताल को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जहाँ देश-विदेश के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। वहीं डॉ. उपासना अरोड़ा, मैनेजिंग डायरेक्टर यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी का उद्घाटन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विश्वस्तरीय और मरीज-केंद्रित चिकित्सा सेवाओं की नई शुरूआत है। उन्होंने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक, एडवांस्ड सुविधाओं और करुणामय देखभाल के साथ हर मरीज को सर्वोत्तम इलाज देना हमारा लक्ष्य है। हमारा उद्देश्य मरीजों में नई उम्मीद जगाना और आने वाली पीढ़ियों का जीवन बेहतर बनाना है। वहीं शुभांग अरोड़ा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर यशोदा मेडिसिटी ने कहा कि यशोदा मेडिसिटी में हम इनोवेशन, करुणा और टीमवर्क के साथ वैश्विक हेल्थकेयर का भविष्य तैयार कर रहे हैं। एआई रोबोटिक्स और डिजिटल तकनीक के जरिये सटीक और आधुनिक इलाज देना हमारा लक्ष्य है। यह पहल हील इन इंडिया और विकसित भारत 2047 के विजन से जुड़ी है ताकि लोगों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### इन अतिथियों की भी रही कार्यक्रम में उपस्थिति

करंट क्राइम : इंदिरापुरम स्थित यशोदा मेडिसिटी अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री असीम अरुण, पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया,नोएडा के सांसद महेश शर्मा, गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, बागपत के सांसद सतपाल मलिक, पूर्व सांसद महेंद्रनाथ पांडे, पूर्व सांसद रमेश चंद तोमर, शहर विधायक संजीव शर्मा, अजीत पाल त्यागी, पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, महापौर सुनीता दयाल, दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी यूपी सरकार के पूर्व मंत्री संगीत सोम,पूर्व महापौर अशु वर्मा, आशा शर्मा, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल, भाजपा नेता अजय शर्मा, पूर्व आइएएस अधिकारी अवनीश अवस्थी, दुर्गा शंकर मिश्रा, कवि सुनील जोगी, मालिनी अवस्थी, सरदार एसपी सिंह, मानसिंह गोस्वामी, पार्षद संजय सिंह, डा. अनिल तोमर, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल, जगदीश साधना, अभिनव जैन, मनोज गोयल, पिंटू तोमर सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# लखनऊ में 28 को छठ पर सार्वजनिक अवकाश, स्कूल-कॉलेज, दफ्तर सब बंद रहेंगे, योगी सरकार का ऐलान

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले ही छठ पर्व के मौके पर 28 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था, अब लखनऊ जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ से भी लखनऊ में छठ पर्व पर आधिकारिक अवकाश की घोषणा कर दी गई है। इससे संबंधित आदेश जिलाधिकारी कार्यालय की तरफ से जारी कर दिया गया है। अब राजधानी में भी मंगलवार यानी 28 अक्टूबर को सार्वजनिक अवकाश रहेगा। अवकाश के दौरान लखनऊ के सभी सरकारी, अर्ध सरकारी कार्यालय, स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे।

योगी सरकार पहले ही कर चुकी घोषणाः पूरे देश में छठ पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। तीन दिन तक यह पर्व रहता है। 28 अक्टूबर को मुख्य पर्व होने पर उत्तर प्रदेश सरकार ने भी सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की थी। अब लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर की तरफ से भी लखनऊ में इस दिन छुट्टी का आदेश दे दिया गया है।

इस दिन छठ पर महिलाएं उगते सूरज को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना करती हैं। प्रशासन की तरफ से सभी शैक्षणिक संस्थानों, दफ्तरों और सरकारी कार्यालयों को अवकाश का पालन करने के निर्देश जारी किए गए हैं।




**इस दिन छठ पर महिलाएं उगते सूरज को अर्घ्य देकर पूजा अर्चना करती हैं।**

लखनऊ में धूमधाम से मनाया जाता है पर्वः लखनऊ में बड़े ही धूमधाम से छठ पर्व का यह त्यौहार मनाया जाता है। छठी मैया की पूजा अर्चना के लिए हजारों की संख्या में घाटों पर भीड़ उमड़ती है। पिछले काफी दिनों से लखनऊ नगर निगम और जिला प्रशासन गोमती तट समेत कई प्रमुख स्थानों पर छठ घाटों का निर्माण और साफ सफाई कर रहा है। इस पर्व के दौरान झूलेलाल, गोमती घाट, गिलौला झील, कठौता झील और वॉटर फ्रंट जैसे स्थानों पर श्रद्धालु पूजा करने के लिए पहुंचते हैं। घाटों पर विशेष व्यवस्थाएं की जा रहींः नगर निगम की तरफ से सभी घाटों पर विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं जिससे किसी भी श्रद्धालु को कोई दिक्कत न होने पाए। सुरक्षा का भी काफी ख्याल रखा जा रहा है। पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। छठ पर्व भगवान सूर्य की प्रार्थना का पर्व है। झारखंड, बिहार और पूर्वांचल से जुड़े लोग इस पर्व को विशेष तौर पर श्रद्धा के साथ मनाते हैं। लखनऊ में भी बड़ी संख्या में इस पर्व को मानने वाले लोग रहते हैं। लखनऊ में भी इस पर्व की अनुपम छटा देखने को मिलती है। 36 घंटे महिलाएं निर्जला व्रत रखकर डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देती हैं। यह व्रत बेहद कठिन होता है। पर्व को मानने वाले पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ इसे मनाते हैं। डीएम को दिए गए हैं ये अधिकारः यही कारण है कि सरकार भी व्रती महिलाओं के साथ ही उन परिवारों का ख्याल रखते हुए इस दिन अवकाश घोषित करती है। संबंधित जिलों के जिलाधिकारी को भी यह अधिकार दिया गया है कि उन्हें लगे तो वह अपने जिले में इस पर्व पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर सकते हैं।

# 'सत्ता में आए तो वक्फ कानून को कूड़ेदान में फेंक देंगे', बिहार की चुनावी रैली में बोले तेजस्वी यादव

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव अभियान के बीच आरजेडी नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने रविवार को बड़ा राजनीतिक बयान दिया। उन्होंने कहा कि अगर बिहार में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो केंद्र सरकार द्वारा पारित वक्फ (संशोधन) कानूनह्व को कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा।

कटिहार और किशनगंज के मुस्लिम बहुल इलाकों में जनसभाओं को संबोधित करते हुए तेजस्वी ने कहा, मेरे पिता लालू प्रसाद यादव ने कभी भी सांप्रदायिक ताकतों से समझौता नहीं किया। लेकिन नीतीश कुमार हमेशा ऐसी ताकतों के साथ रहे हैं। उन्हीं की वजह से आरएसएस और उसके संगठन नफरत फैला रहे हैं। बीजेपी को भारत जलाओ पार्टी कहा जाना चाहिए।

तेजस्वी यादव का यह बयान ऐसे समय आया है जब अप्रैल में संसद ने वक्फ (संशोधन) कानून, 2024 पारित किया था। एनडीए सरकार ने इसे मुस्लिम समुदाय, पिछड़ों और महिलाओं के अधिकारों को सशक्त करने वाला पारदर्शी कानून बताया था। वहीं विपक्ष का कहना है कि यह कानून मुसलमानों के धार्मिक और संपत्ति संबंधी अधिकारों का हनन करता है।



**तेजस्वी ने किया पलटवार, 'हम बिहारी हैं, किसी से डरने वाले नहीं'**

एक दिन पहले ही आरजेडी के एमएलसी मोहम्मद कारी सोहैब ने भी विवाद खड़ा करते हुए कहा था कि अगर तेजस्वी मुख्यमंत्री बने तो सभी बिल, वक्फ बिल समेत, फाड़कर फेंक दिए जाएंगे। इसके बाद बीजेपी ने सवाल उठाया था कि कोई मुख्यमंत्री केंद्र के कानून को कैसे रद्द कर सकता है।

तेजस्वी यादव ने अपनी रैली में कहा, यह चुनाव संविधान, लोकतंत्र और भाईचारे की रक्षा की लड़ाई है। लोग 20 साल से नीतीश कुमार से परेशान हैं। सरकार के हर विभाग में भ्रष्टाचार फैला है और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की लंबी सत्ता के बावजूद बिहार आज भी देश का सबसे गरीब और पिछड़ा राज्य है।

# दिल्ली में दमघोंटू हवा का कहर, लगातार चौथे दिन रही 'बेहद खराब', रेड जोन में छह शहर

**नई दिल्ली।** हवा की रफ्तार थोड़ा बढ़ने और प्रदूषक तत्व कुछ छंटने से बृहस्पतिवार को दिल्ली की वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ। हालांकि यह लगातार चौथे दिन भी रही 'बहुत खराब' में ही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के अनुसार शाम चार बजे दिल्ली का 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 305 रहा। आनंद विहार में एक्यूआई 410 दर्ज किया गया, जो सभी निगरानी केंद्रों में सबसे ज्यादा है। दिन में दिल्ली में धुंध छाई रही और दोपहर के समय हवा की गति 10-15 किमी प्रति घंटा तक पहुंच गई।

सीपीसीबी द्वारा बनाए गए समीर ऐप के अनुसार, शहर भर के 38 निगरानी केंद्रों में से बृहस्पतिवार को 23 ने "बहुत खराब" वायु गुणवत्ता दर्ज की। जबकि 14 'खराब' श्रेणी में रहे। बृहस्पतिवार को दिल्ली देश का चौथा सबसे प्रदूषित शहर रहा। पहले नंबर पर बहादुरगढ़ रहा।




तुलनात्मक रूप से, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के पड़ोसी शहरों, जैसे गुरुग्राम, नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद में वायु गुणवत्ता बेहतर रही। सीपीसीबी के अनुसार एक्यूआइ का स्तर 200 के आसपास रहने के कारण ये शहर 'खराब' श्रेणी में रहे। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली (ईडब्ल्यूएस) के पूर्वानुमानों से संकेत मिलता है कि दिल्ली का एक्यूआइ शनिवार तक 'बहुत खराब' श्रेणी में ही बना रहेगा। इसके बाद अगले छह दिनों तक यह 'खराब' और 'बहुत खराब' श्रेणी के बीच उतार-चढ़ाव कर सकता है।

वहीं आइआइटीएम पुणे के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम (डीएसएस) के आंकड़ों के अनुसार, बृहस्पतिवार को भी दिल्ली के वायु प्रदूषण में परिवहन उत्सर्जन का योगदान सर्वाधिक 15.7 प्रतिशत था। आवासीय स्त्रोतों का योगदान चार प्रतिशत, दिल्ली और आसपास के उद्योगों का 3.4 प्रतिशत, पड़ोसी शहरों का चार से पांच प्रतिशत और अन्य स्त्रोतों का 35 प्रतिशत रहा।

इस बीच उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, बुधवार को पंजाब में पराली जलाने की 69, हरियाणा में तीन और उत्तर प्रदेश में 44 घटनाएँ हुईं।

अब यदि मौसम की बात करें तो बृहस्पतिवार को दिल्ली में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक था। न्यूनतम तापमान 18.1 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.9 डिग्री अधिक रहा। हवा में नमी का स्तर 94 से 37 प्रतिशत तक रहा।

मौसम विभाग ने शुक्रवार सुबह धुंध छाए रहने का अनुमान जताया है। दिन में आसमान साफ रहेगा।अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 32 और 18 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है।

# थैलेसीमिया पीड़ित सात बच्चों को चढ़ा दिया एचआईवी संक्रमित ब्लड, सीएम हेमंत सोरेन ने लिया एक्शन

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाईबासा सरकारी अस्पताल में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित बल्ड चढ़ाने के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कड़ा रुख अपनाते हुए चाईबासा सदर अस्पताल के सिविल सर्जन और उनके साथ अन्य पदाधिकारियों को निलंबित करने का निर्देश दिया है। साथ ही पीड़ित बच्चों के इलाज राज्य सरकार अपने खर्चे पर कराने का फैसला लिया है। परिजनों को 2-2 लाख रुपए की सहायता राशि राज्य सरकार की ओर से देने की बात कही है।

यही नहीं लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी पर भी कड़ा निर्देश दिया है कि बदतर स्वास्थ्य व्यवस्था बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम ने चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों का संक्रमित होना बहुत ही पीड़ादायक बताया है। गौरतलब है कि बीते 13 सितंबर को सात थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को



एचआईवी संक्रमित बल्ड चढ़ाया गया था। 18 अक्तूबर को जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। इसपर पीड़ित बच्चों के परिजनों ने तकनीकी अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी। इसके बस शनिवार को पांच सदस्यों की टीम ने जब जांच की तो 6 और थैलीसीमिया बच्चों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई।

वहीं रविवार को स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। जांच के क्रम में एक थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे में एचआईवी संक्रमण की प्राथमिक पुष्टि हुई है। इस गंभीर मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए चाईबासा के सिविल सर्जन, एचआईवी यूनिट के प्रभारी चिकित्सक तथा संबंधित टेक्नीशियन सभी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

उन्होंने कहा कि मैंने एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया है और उसे एक सप्ताह के भीतर पूरी जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह स्पष्ट रूप से कहा है कि जांच में यह सुनिश्चित किया जाए कि रक्त आपूर्ति रक्त अधिकोष से हुई थी या बाहर से।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि एचआईवी संक्रमण की पूरी पुष्टि में लगभग चार सप्ताह का समय लगता है। विंडो पीरियड के दौरान यदि संक्रमित व्यक्ति का रक्त ट्रांसफ्यूज हो जाए, तो संक्रमण की ऐसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इस पूरे प्रकरण की जानकारी दे दी गई है। उन्होंने स्वयं इस पर संज्ञान लेते हुए सख्त और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। हम सबके लिए बच्चे सबसे प्रिय हैं। उनके स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ी किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# चुनाव प्रचार के दौरान धड़ाम से गिरे अनंत सिंह

## कहा- मंच टूट गया तो क्या? जनता का प्यार मेरे साथ है

**मोकामा।** मोकामा विधानसभा सीट पर बाहुबली अनंत सिंह पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरे हैं। ताबड़तोड़ चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसी दौरान कुछ ऐसा हो गया कि बाहुबली अनंत सिंह एक बार फिर सुर्खियों में आ गए। शनिवार को मोकामा के पूर्वी इलाके में आयोजित अनंत सिंह के जनसंपर्क अभियान के दौरान एक हादसा हो गया। रामपुर-डूमरा गांव में समर्थकों ने जदयू प्रत्याशी व पूर्व विधायक अनंत सिंह के स्वागत के लिए एक छोटा मंच तैयार किया था। जैसे ही पूर्व विधायक अनंत सिंह



मंच पर पहुंचे और अनंत सिंह जिंदाबादह्व के नारों के बीच भाषण शुरू हुआ, अचानक मंच भरभराकर टूट पड़ा। देखते ही देखते अनंत सिंह और उनके समर्थक धड़ाम से नीचे गिर गए। मंच टूटते ही मौके पर अफरातफरी मच गई। समर्थक भाग-दौड़ करने लगे, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। अब इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**अत्यधिक भार होने के कारण मंच टूट गया :** इधर, मंच टूटने की इस घटना के बावजूद अनंत सिंह वहीं खड़े होकर लोगों का अभिवादन किया और कहा कि जनता का प्यार ही मेरा हौसला है, मंच टूट जाए तो क्या !ह्व उन्होंने लोगों से कहा कि मैं ठीक हूं। अत्यधिक भार होने के कारण मंच टूट गया। यह सब घटना होते रहती है। जनता का आशीर्वाद मेरे साथ है। इसलिए मुझे कुछ नहीं होगा।

**अनंत सिंह के सामने सूरजभान सिंह होंगे :** बता दें कि विधानसभा चुनाव में मोकामा को हॉट सीट माना जाता है। कारण है मोकामा विधानसभा से अनंत सिंह का चुनाव लड़ना। लेकिन, इस बार खास बात यह है कि अनंत सिंह के सामने पूर्व सांसद और बाहुबली सूरजभान सिंह होंगे। सूरजभान सिंह अपनी पत्नी बीना देवी चुनावी मैदान में उतारा है। राजद के टिकट से वह अपनी पत्नी को चुनाव लड़वा रहे हैं। मोकामा विधानसभा में चुनावी बयार बह चुकी है।

# औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर अब 'छत्रपति संभाजीनगर' हुआ, दक्षिण मध्य रेलवे ने किया एलान

**औरंगाबाद।** दक्षिण मध्य रेलवे ने एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए औरंगाबाद रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर रेलवे स्टेशन कर दिया है। रेलवे ने बताया कि यह नाम परिवर्तन औपचारिक रूप से लागू कर दिया गया है और स्टेशन के सभी साइनबोर्ड, टिकट, घोषणाएं और डिजिटल सिस्टम में नया नाम अपडेट किया जा रहा है।

आधिकारिक नोटिस में लिखा है कि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ₹औरंगाबाद₹ रेलवे स्टेशन नांदेड मंडल, दक्षिण मध्य रेलवे का नाम बदलकर ₹छत्रपति संभाजीनगर₹ रेलवे स्टेशन करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्टेशन का नया स्टेशन कोड ₹उढरठह्व होगा।

**सभी जरूरी प्रशासनिक**



**प्रक्रियाएं पूरी :** रेलवे के मुताबिक, यह फैसला महाराष्ट्र सरकार की अनुशंसा और गृह मंत्रालय की स्वीकृति के बाद लिया गया। स्टेशन का नया नाम छत्रपति संभाजीनगर मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की वीरता और ऐतिहासिक योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से रखा गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इस बदलाव के बाद यात्रियों को स्टेशन से जुड़ी सभी सूचनाएं और टिकटें नए नाम से जारी होंगी। एक अधिकारी ने कहा रेलवे ने सभी जरूरी प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं। अब सभी प्लेटफॉर्म और ट्रेनों की घोषणाओं में स्टेशन का नाम छत्रपति संभाजीनगर सुनाई देगा।

इससे पहले, केंद्र सरकार ने 2022 में औरंगाबाद शहर का नाम भी छत्रपति संभाजीनगर करने की मंजूरी दी थी। अब रेलवे स्टेशन के नाम परिवर्तन के साथ यह प्रक्रिया पूरी हो गई है।

**15 अक्तूबर को जारी हुआ था गजट नोटिफिकेशन :** गौरतलब है कि भाजता नेता और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली महायुति सरकार ने विगत 15 अक्तूबर को इसका नाम बदलने का गजट नोटिफिकेशन जारी किया था।

# भारत में 8,000 से अधिक स्कूलों में शून्य नामांकन

## 20,000 से ज्यादा शिक्षक कार्यरतः मंत्रालय की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** देशभर में 2024-25 शैक्षणिक सत्र में लगभग 8,000 स्कूल ऐसे हैं जहां एक भी छात्र का नामांकन नहीं हुआ। सबसे ज्यादा ऐसे स्कूल पश्चिम बंगाल में हैं, इसके बाद तेलंगाना का स्थान है। शून्य नामांकन वाले स्कूलों में कुल 20,817 शिक्षक कार्यरत हैं, जिनमें बड़ी संख्या 17,965 केवल पश्चिम बंगाल में है। वहीं, नामांकन रहित स्कूलों की संख्या भी पश्चिम बंगाल में सबसे अधिक, 3,812, रही है। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 7,993 स्कूलों में शून्य नामांकन था, जो पिछले वर्ष की 12,954 की संख्या से 5,000 से अधिक कम है। वहीं, हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, असम, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में ऐसा कोई स्कूल नहीं था।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, राज्यों को स्कूलों में शून्य नामांकन के मुद्दे का समाधान करने की सलाह दी गई है। कुछ राज्यों ने बुनियादी ढांचे और कर्मचारियों जैसे संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए कुछ स्कूलों का विलय कर दिया है। आंकड़ों के अनुसार, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दमन और दीव तथा चंडीगढ़ जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में कोई भी स्कूल शून्य नामांकन वाला नहीं था।




**कुछ राज्यों में नहीं मिले शून्य नामांकन वाले स्कूल**

दिल्ली में भी कोई ऐसा स्कूल नहीं था जहां नामांकन शून्य हो। तेलंगाना और एमपी में शून्य नामांकन वाले स्कूलों की स्थिति। ऐसे स्कूलों की दूसरी सबसे बड़ी संख्या तेलंगाना (2,245) में थी, उसके बाद मध्य प्रदेश (463) का स्थान था। तेलंगाना में इन स्कूलों में 1,016 शिक्षक कार्यरत थे, जबकि मध्य प्रदेश में 223 शिक्षक कार्यरत थे।

उत्तर प्रदेश में ऐसे 81 स्कूल थे। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने घोषणा की थी कि वह राज्य भर में अपने संबद्ध उन स्कूलों की मान्यता रद्द करने की तैयारी कर रहा है, जिनमें पिछले तीन लगातार शैक्षणिक वर्षों से शून्य छात्र नामांकन दर्ज किया गया है। देश भर में 33 लाख से अधिक विद्यार्थी 1 लाख से अधिक एकल-शिक्षक विद्यालयों में नामांकित हैं, जिनमें आंध्र प्रदेश में इन विद्यालयों की संख्या सबसे अधिक है, इसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। हालांकि, जब एकल शिक्षक वाले स्कूलों में छात्र नामांकन की बात आती है, तो उत्तर प्रदेश सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश का स्थान है।

# नवंबर के बाद कर्नाटक सरकार के कैबिनेट में होगा फेरबदल, सीएम सिद्धारमैया ने दिए संकेत

**सिद्धारमैया 16 नवंबर को दिल्ली दौरे पर रहेंगे, जहां वे वरिष्ठ वकील और कांग्रेस के पूर्व नेता कपिल सिब्बल की किताब के विमोचन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। अपने दिल्ली दौरे पर सिद्धारमैया पार्टी आलाकमान से भी मुलाकात करेंगे।**

**कर्नाटक।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने संकेट दिए हैं कि नवंबर के बाद वे अपनी सरकार के कैबिनेट में फेरबदल कर सकते हैं। यह फेरबदल ऐसे समय होगा, जब सिद्धारमैया सरकार को ढाई साल पूरे हो जाएंगे। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि 'कांग्रेस आलाकमान ने चार माह पहले ही उन्हें कैबिनेट में विस्तार करने को कहा था, लेकिन मैंने उन्हें बताया कि सरकार के ढाई साल पूरे होने के बाद ही कैबिनेट में फेरबदल किया जाएगा।'



**दिल्ली आएंगे सीएम, पार्टी नेतृत्व करेंगे चर्चा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि 'जब ये पड़ाव पार हो जाएगा तो मैं पार्टी आलाकमान के साथ चर्चा करूंगा और उनके निर्देशों के आधार पर काम करूंगा।' सिद्धारमैया 16 नवंबर को दिल्ली दौरे पर रहेंगे, जहां वे वरिष्ठ वकील और कांग्रेस के पूर्व नेता कपिल सिब्बल की किताब के विमोचन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। अपने दिल्ली दौरे पर सिद्धारमैया पार्टी आलाकमान से भी मुलाकात करेंगे, जिसमें वे अपनी सरकार में किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में पार्टी नेतृत्व को जानकारी देंगे। सीएम ने ये भी बताया कि कर्नाटक विधानसभा का शीतकालीन सत्र दिसंबर में आयोजित होगा।

**नेतृत्व परिवर्तन के कयासों के बीच हो रहा कैबिनेट फेरबदल :** गौरतलब है कि कैबिनेट में ये फेरबदल ऐसे समय होगा, जब सिद्धारमैया सरकार को ढाई साल पूरे हो जाएंगे। कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बनने के बाद से ही चर्चाएं हैं कि डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया ढाई-ढाई साल सीएम पद संभालेंगे। हालांकि औपचारिक तौर पर पार्टी के नेता इससे इनकार करते हैं, लेकिन गाहे-बगाहे कर्नाटक की राजनीति में इसकी चर्चा होती रहती है। दरअसल कांग्रेस की जीत के बाद डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया, दोनों सीएम पद के दावेदार थे। इसे लेकर कई दिनों तक चर्चाएं चलीं और डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया दोनों दिल्ली पहुंचे थे, जहां पार्टी नेतृत्व ने दोनों से मुलाकात की थी। बाद में सिद्धारमैया को सीएम बनाया गया।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...


● नई दिल्ली। सोमवार 27 अक्टूबर -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




## जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा मुझे नहीं हुआ था यकीन

# डॉ. पीएन अरोड़ा ने वास्तव में जो कहा उसे कर दिखाया





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रविवार का दिन और 26 अक्टूबर की तारीख गाजियाबाद के इतिहास में एक विशेष दिन और तारीख के रूप में दर्ज हो गया। चिकित्सा के क्षेत्र में इतना बड़ा सेटअप संभवतः पूरे उत्तर प्रदेश में नहीं है। सबसे बड़ी बात ये है कि ये सौगात केवल गाजियाबाद नहीं बल्कि दिल्ली-एनसीआर और कुछ मामलों में तो पूरे देश के लोगों के लिए है। जिन रोगों के उपचार के लिए विदेश जाना पड़ता है अब वो उपचार गाजियाबाद के यशोदा मैडिसिटी में उपलब्ध है। खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बात को मंच से स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि जब यशोदा मैडिसिटी और यशोदा ग्रुप के डायरेक्टर डा. पी एन अरोड़ा ने मुझसे अपने इस विजन को लेकर बात की थी तो मुझे यकीन ही नहीं हुआ था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बात को साझा करते हुए फ्लैश बैक में गये और उन्होंने कहा कि यह वर्ष 2024 की बात है और तब इतने बड़े प्रोजैक्ट को लेकर 2025 में तैयार करने की बात मुझसे डा. पी एन अरोड़ा ने की थी तो यकीनन मुझे यकीन नहीं हुआ। लेकिन इतना बड़ा प्रोजेक्ट वास्तव में तैयार हुआ है तो मुझे विश्वास भी हो गया है और मुझे प्रसन्नता भी हो रही है।

मगर आज मुझे महसूस हो रहा है कि हकीकत यही है जो मुझे डा. पी एन अरोड़ा ने बतायी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वास्तव में अगर व्यक्ति के पास विजन हो और इच्छा शक्ति हो तो फिर कुछ भी संभव हो सकता है। खुद यशोदा अस्पताल ग्रुप के एमडी डा. पीएन अरोड़ा ने भी मैडिसिटी जैसे बड़े लक्ष्य को पूरा करने के बाद सभी के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि यशोदा मैडिसिटी के निर्माण के लिए, इसके पूर्ण रूप से संचालन के लिए हमने एक लक्ष्य तय किया। हमने रिकॉर्ड एक हजार दिन में इस लक्ष्य को पूरा किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में यह एक बड़ी उपलब्धि हम पूरे राष्ट्र को समर्पित करते हैं। मैडिकल के क्षेत्र में यशोदा मैडिसिटी का निर्माण वास्तव में जनता के लिए एक वरदान और चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में एक चमत्कार है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी यहां मौजूद थे। राजनाथ सिंह गाजियाबाद से लोकसभा सांसद रहे हैं, लिहाजा गाजियाबाद के एक बड़ी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होने पर उन्होंने प्रसन्नता जताई। यहां उन्होंने इस विजन और ड्रीम के लिए पारिवारिक कारणों का भी हवाला दिया। राजनाथ सिंह केन्द्रीय रक्षा मंत्री हैं और गाजियाबाद से उनका आत्मीय और पारिवारिक रिश्ता रहता है। लिहाजा जब उन्होंने परिवार का जिक्र किया तो यहां उन्होंने बड़े सपने और बड़े लक्ष्य के पीछे स्वर्गीय यशोदा अरोड़ा को भी याद किया। उन्होंने कहा कि माता के कैंसर से निधन के बाद डा. पी एन अरोड़ा ने उन्ही के नाम पर यह मैडिकेयर सैंटर तैयार किया। जीवन में एक विजन लेकर चले और डा. पी एन अरोड़ा ने विश्वास के साथ स्वपन को साकार किया है। महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने तो इतनी बड़ी युनिट और इससे जुड़ी चिकित्सा सुविधाओं पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि यह वास्तव में उन लोगों के लिए एक आशा की किरण है जो उपचार के लिए अच्छे अस्पताल की तलाश मे हैं।

# आज और कल छठ पूजा के चलते रहेगा रूट डायवर्जन

## ट्रैफिक जाम से लोग परेशान न हों – पुलिस ने बनाया प्लान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। भीड़भाड़ और श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए आज और कल (27 व 28 अक्टूबर) को जीटी रोड समेत प्रमुख मार्गों पर रूट डायवर्जन लागू रहेगा। पुलिस ने अपील की है कि लोग निर्धारित रूट का पालन करें ताकि ट्रैफिक जाम से परेशानी न हो।

### कब और कहां रहेगा डायवर्जन

**27 अक्टूबर:** दोपहर 2 बजे से देर शाम तक

**28 अक्टूबर:** तड़के 4 बजे से दोपहर 12 बजे तक

- इस दौरान श्रद्धालुओं के हिंडन घाटों की ओर जाने के कारण जीटी रोड, मोहननगर, हिंडन बैराज, वैशाली, और इंदिरापुरम क्षेत्रों में यातायात को वैकल्पिक मार्गों से संचालित किया जाएगा।
- ट्रैफिक पुलिस ने विस्तृत रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया है ताकि श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भी परेशानी न हो।
- मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।
- श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं।
- जीटी रोड और हिंडन घाट के आस-पास नो पार्किंग जोन बनाया गया है।
- रूट डायवर्जन से जुड़े सूचना बोर्ड व दिशासूचक संकेतक भी लगाए गए हैं।

### सुरक्षा के सख्त इंतजाम

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बताया है कि छठ घाटों पर एक हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस, ट्रैफिक विभाग और नगर निगम की टीमें मिलकर काम करेंगी। वहीं पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से घाट क्षेत्रों की ओर न जाएं, वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और ट्रैफिक पुलिस के निर्देशों का पालन करें ताकि छठ पर्व शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## गढ़मुक्तेश्वर और तिगरी मेले की तैयारियों का मुख्यमंत्री योगी ने लिया जायजा

# गढ़मुक्तेश्वर मेला बनेगा श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता का प्रतीक: सीएम

## 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक चलेगा मेला



**लखनऊ/गढ़मुक्तेश्वर, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हापुड़ जनपद के गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले वार्षिक कार्तिक पूर्णिमा मेले और अमरोहा के तिगरी मेले की तैयारियों का निरीक्षण किया और सभी संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मेला स्थल का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हर वर्ष लगभग 40 से 45 लाख श्रद्धालु गंगा तट पर स्नान और दीपदान के लिए पहुँचते हैं, इसलिए सभी व्यवस्थाएँ समयबद्ध और समन्वित हों ताकि किसी को असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने यातायात, सुरक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, पेयजल और प्रकाश व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

बता दें कि इस वर्ष 30 अक्टूबर से पांच नवंबर तक चलने वाले इस मेले को मिनी कुंभ के रूप में आयोजित करने की योजना बनाई गई है।

## 40 से 45 लाख श्रद्धालु होंगे शामिल, सीएम ने दिए समयबद्ध तैयारियों के निर्देश





करंट क्राइम। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है। गंगा घाटों पर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की तैनाती, सीसीटीवी व ड्रोन निगरानी, रेस्क्यू बोट और हेल्पलाइन सेंटर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मेले को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संदेश से जोड़ा जाए तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि घाटों पर पर्याप्त चेकर प्लेट लगाई जाएं, पैंटून ब्रिज की व्यवहार्यता का परीक्षण किया जाए और कटान क्षेत्रों में सिंचाई विभाग द्वारा ड्रेजिंग कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान गहराई वाले जल क्षेत्रों में एनडीआरएफ/एसडीआरएफ और फ्लड यूनिट लगातार सतर्क रहें और आवश्यक बैरिकेडिंग की जाए। श्रद्धालुओं को अनुशासित व्यवहार हेतु प्रेरित करने के लिए काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएं। पूरे मेले क्षेत्र में सीसीटीवी, पब्लिक एड्रेस सिस्टम और इंटीग्रेटेड कंट्रोल सेंटर की सतत निगरानी सक्रिय रहे। पार्किंग स्थलों पर वाहनों की सुरक्षा, प्रसारण व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए।

## 'अस्थायी शौचालयों में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की प्रणाली लागू की जाए'



करंट क्राइम। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि अस्थायी शौचालयों में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की प्रणाली लागू की जाए और किसी भी प्रकार की लीकेज को रोका जाए। घाटों पर भीड़ नियमन, चेंजिंग रूम, स्वच्छ शौचालय, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, और कचरा एवं बोतल संग्रहण प्रणाली को सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति और सभी स्थलों पर इलेक्ट्रिक सेफ्टी का ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेले में आकर्षक सजावट की जाए तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु होर्डिंग्स लगाई जाएं। साथ ही फायर सेफ्टी सिस्टम, अस्थायी अस्पताल, एंटी-स्नेक वैनम और एंटी-रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जल में स्नान के दौरान पुलिस और एनडीआरएफ की पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए, और 20 से 25 किलोमीटर के दायरे में यातायात डायवर्जन योजना प्रभावी रूप से लागू की जाए ताकि किसी प्रकार का जाम न लगे।

## 'ड्यूटी पर तैनात स्वयंसेवकों के खान-पान की उचित व्यवस्था की जाए'



करंट क्राइम। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं से कोई अतिरिक्त शुल्क न वसूला जाए और पशुओं के चारे तथा भोजन-पेयजल की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ड्यूटी पर तैनात स्वयंसेवकों के खान-पान की उचित व्यवस्था की जाए और सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि गढ़मुक्तेश्वर का यह ऐतिहासिक मेला न केवल आस्था का केंद्र बने, बल्कि व्यवस्था, स्वच्छता और अनुशासन का आदर्श उदाहरण भी प्रस्तुत करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गढ़मुक्तेश्वर का यह आयोजन उत्तर प्रदेश की आस्था, अध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत प्रतीक है। सरकार का लक्ष्य है कि यह मेला श्रद्धा, अनुशासन और स्वच्छता के साथ सम्पन्न हो, ताकि हर आगंतुक इस पावन तीर्थ से शांति और आशीर्वाद लेकर लौटे। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में गंगा पूजन किया फिर गढ़ मेला क्षेत्र में स्थापित सदर बाजार का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने गढ़ मुक्तेश्वर में बनाए जा रहे मोढ़े के स्टोर का भी अवलोकन किया और मोढ़े की क्वालिटी की प्रशंसा की।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि प्रभारी जी के कार्यक्रम में सभी ने उठाई थोडी-थोडी जिम्मेदारी? यूथ वाले चौधरी का पिया सभी ने पानी? युवा महामंत्री का है पानी का ही काम? सेवा भाव से लाए थे वॉटर और नहीं लिए किसी से कोई दाम? कहने वाले ने कहा कि समय बताएगा पानी की यह सेवा आएगी कितने काम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हैवीवेट वालों के खास को आ गई शहर वाले विधायक जी की याद? सुना है दीपावली गिफ्ट देने के लिए उन्होंने फोन मिलाया और मांगी विधायक जी से आने की अनुमति? सुना है विधायक जी ने कहा हमारे तो सबके लिए खुले हैं द्वार और अनुमति जैसी नहीं चलती कोई रीति ,? कहने वाले ने कहा कि परमिशन के पीछे भी छुपा है एक राज? हैवीवेट वालों के खास को यह लगता था कि उनका टिकट कटवाने में रहा विधायक जी का हाथ? सुना है दीपावली मिलन के बाद खत्म हो गई रिश्तों की यह खटास?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम के पार्षदों को क्यों यह फील होता है कि उन्हें किया जाता है इग्नोर? वह कर रहे हैं अब आपस में इस बात की चर्चा ? जब बड़े नेता आते हैं तो पार्षदों को नहीं दी जाती कोई सूचना? जब भीड़ जुटाना हो तो पार्षदों को करते हैं याद ? सुना है पार्षदों ने भी अब बना ली है अपनी रणनीति? संगठन अपना काम करें और वह याद रखें हम भी हैं जनप्रतिनिधि?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार का एक पार्षद चाहता है अवर अभियंता से करना साठगांठ? सुना है उसने अवर अभियंता से कहा हम भी हैं इस इलाके के निर्माण में कुछ तो नीति नियंता? हम भी जिम्मेदार हैं और हमसे भी सवाल पूछतो है जनता? कहने वाले ने कहा कि अवर अभियंता ने भी कर दिया पार्षद को सीन एकदम स्पष्ट? आप भले ही फूल वाले हैं लेकिन मैं चलूंगा एज पर रूल? आप किसी प्रकार की दुविधा में ना रहे और ना रखें कोई कष्ट?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में मोर्चे वालों की है अब संगठन से यह शिकायत? जब सबको मिल रही है इनफॉरमेशन तो फिर हमको लेकर क्यों नहीं है अटेंशन? सुना है भगवा मोर्चा वालों को नहीं मिल रही है कार्यक्रमों की कोई जानकारी? क्या मोर्चा वालों को लेकर भी खुल गया है कोई मोर्चा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि प्रभारी जी के सामने भी तीसरी बार आ गया बढ़े हुए हाउस टैक्स का मैटर? सुना है उन्होंने जीएसटी का दिया उदाहरण और कहा ऐसे ही कम होगा बढ़ा हुआ हाउस टैक्स? कहने वाले ने कहा कि इसे सुनकर भाजपा का ही पार्षद बोल कोई ना रहे रिलैक्स? सदन से लेकर मंचों तक तो कई बार घट चुका है यह बढ़ा हुआ टैक्स? हम तो तब मानेंगे जब शासन से आ जाएगा कोई मेल या फैक्स?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार में गूंज रहा है बिरादरी वालों के आशीर्वाद का घमासान? राम वालों ने ही राम वालों को दिया था टिकट का आशीर्वाद? मगर चुनाव जीतने के बाद उन वाले राम ने बना ली इन वाले राम से ही दूरी? जब पहलवान राम ने किया कार्यक्रम तो मेंबर वाले राम के नहीं हुए दर्शन? कहने वाले ने कहा जरूर कुछ नाराजगी है वरना इतनी भी नहीं रहती हर बार मजबूरी? राम वाली पार्टी के दोनों ही राम है एक ही बिरादरी के?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि अब भाजपा पार्षदों ने भी बनानी शुरू कर दी है संगठन के आयाम से दूरी? जब कॉलेज वाले सभागार में हुआ प्रोग्राम तो दिखाई दिया यहां गजब का नजारा? सदन में है 75 पार्षद और यहां नहीं पहुंचे पूरे 20? कहने वाले ने कहा कि कुछ तो है पार्षदों के भी मन में टीस? क्या पार्षद चल रहे हैं संगठन से नाराज? टैक्स के मुद्दे पर वह नजर आते हैं एक साथ? मगर संगठन के कार्यक्रम में नहीं दिखाई देती यह पार्षद एकता जिंदाबाद?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नेहरू वाले मैदान को लेकर कुछ तो छुपा है इस्तीफा में राज? पूरा जगत जानता है कि हवालात से लेकर जेल के सफर का यह राज? सुना है प्रेशर पॉलिटिक्स से हुआ है इस पूरे गेम में जीत का ऐलान? बस कुछ दिनों की बात है फिर फतेह हो जाएगा मेदी जी के मिशन का यह मैदान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि अस्पताल वालों के फ्लावर आए लोटस वालों के काम? देखने वाले रहे थे इस सीन को देख ? जब अस्पताल वाले बुके दिए इंद्रा जी एरिया वाली वाली वार्ता में टेक,? फिर ये फूल गुलदस्ते आए एक कॉलेज में भी काम? फ्लावर ने किया कार में बैठकर फूल वालों के साथ सफर? सभागार में भी इन्हीं फूलों से चला लिया फूल वालों ने काम?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## संपादकीय

# सरकार की नई श्रम शक्ति नीति

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की मसौदा राष्ट्रीय श्रम नीति यानी श्रम शक्ति नीति सही इरादों वाली प्रतीत होती है। इसका लक्ष्य एक निष्पक्ष, समावेशी और भविष्य की दृष्टि से तैयार व्यवस्था बनाने की है जहां हर श्रमिक फिर चाहे वह औपचारिक क्षेत्र का हो, असंगठित क्षेत्र का या गिग वर्कर, उसकी गरिमा का ध्यान रखा जा सके और उसे जरूरी संरक्षण और अवसर प्रदान किए जा सकें।

मंत्रालय की भूमिका को ह्यरोजगार को बढ़ावा देने वालेह्न के रूप में पुनर्परिभाषित किया गया है। इसके तहत डिजिटल साधन और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस यानी एआई की मदद से श्रमिकों और नियोक्ताओं से संपर्क करना और संस्थानों को अबाध प्रशिक्षण मुहैया कराना शामिल है। इसमें इस बात को भी स्वीकार किया गया है कि भारत का श्रम बाजार ढांचागत बदलाव से गुजर रहा है और यह बदलाव डिजिटलीकरण, हरित बदलाव और गिग वर्क तथा प्लेटफॉर्म वर्क जैसे नए तरह के कामों की बदौलत आया है। इतना ही नहीं राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) का विस्तार रोजगार के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक अधोसंरचना के रूप में करने की कोशिश भी यह दिखाती है कि एक डेटा आधारित और श्रमिक केंद्रित नीति बनाने का प्रयास है ताकि सूचना की विसंगति की खाई को पाटा जा सके।

श्रम बाजार में बदलावों की बात करें तो विश्व बैंक द्वारा जारी ह्यसाउथ एशिया डेवलपमेंट अपडेटह्न (अक्टूबर, 2025) इस बात की एक जटिल तस्वीर पेश करती है कि कैसे एआई देश के श्रम परिदृश्य को बदल रही है। स्वचालन के कारण रोजगारों को क्षति पहुंचने की आशंका जहां सार्वजनिक बहस के केंद्र में है वहीं रिपोर्ट कहती है कि एआई का प्रभाव असमान हो सकता है। इससे उत्पादकता वृद्धि के अवसर भी मिल सकते हैं और समावेशन में चुनौतियां भी सामने आ सकती हैं। दक्षिण एशिया में केवल 7 फीसदी नौकरियां ऐसी हैं जिन्हें स्वचालन के कारण बहुत अधिक जोखिम है। बहरहाल, 15 फीसदी नौकरियां ऐसी हैं जहां इंसान और तकनीक साथ मिलकर उत्पादकता में सुधार कर सकते हैं। एआई से संबंधित नौकरियों में अन्य दफ्तरी नौकरियों की तुलना में वेतन करीब 30 फीसदी अधिक है। भारतीय कंपनियां अब बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग से नॉलेज प्रोसेस आउटसोर्सिंग की ओर बढ़ रही हैं। इससे उच्च कौशल वाली नौकरियों के अवसर तो बन रहे हैं लेकिन शुरूआती स्तर की नौकरियों की उपलब्धता में कमी आ रही है।

इस बदलाव का लाभ उठाने के लिए श्रम शक्ति नीति का मसौदा कई हस्तक्षेपों का सुझाव देता है ताकि कौशल और अवसरों के बीच की खाई को पाटा जा सके। इसके लिए लक्षित कौशल और पुनर्कौशल कार्यक्रमों की आवश्यकता है। खासतौर पर कस्बाई और ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसा करना जरूरी है। प्रशिक्षण की आपूर्ति को श्रम की मांग से जोड़ा जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, मसौदा नीति एआई-सक्षम नौकरी मिलान, डिजिटल प्रमाणन, और युवाओं व महिलाओं के लिए उद्यमिता सहयोग को भी बढ़ावा देती है। इस संदर्भ में, जैसा कि इस समाचार पत्र ने हाल में रिपोर्ट किया था, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा तीन से ही स्कूल पाठ्यक्रम में एआई को शामिल करने की योजना बना रहा है। साथ ही, विभिन्न विषयों में स्नातक कार्यक्रमों में एआई और डेटा विज्ञान को एकीकृत करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि एआई के लिए तैयार कार्यबल का सृजन किया जा सके।

मसौदा रिपोर्ट में सार्वभौमिक और पोर्टेबल सामाजिक सुरक्षा, सूक्ष्म, लघु और मझोले उपक्रमों के लिए सरलीकृत अनुपालन तथा पर्यावरण के अनुकूल तथा तकनीक सक्षम बदलावों का समर्थन आदि शामिल है। कुल मिलाकर ये उपाय एक दूरदर्शी ढांचा पेश करते हैं। बहरहाल, चुनौतियां भी सामने हैं। पहली, अनौपचारिकता का वर्चस्व सामाजिक सुरक्षा के क्रियान्वयन और अनुपालन निगरानी को जटिल बनाता है।

दूसरी, लैंगिक असमानताएं बनी हुई हैं, जहां महिलाओं की श्रम बल में भागीदारी अब भी कम है। तीसरी, केंद्र, राज्य और जिलों के बीच समन्वय यह तय करेगा कि सुधार कितनी तेजी से परिणामों में बदलते हैं। ध्यान रहे यह समन्वय आसान नहीं। यदि इसे सही ढंग से लागू किया जाए, तो श्रम शक्ति नीति श्रम बाजार की स्थिति को बेहतर बनाने में मदद कर सकती है। फिर भी, भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह बनी हुई है कि वह अपने विशाल और लगातार बढ़ते कार्य बल के लिए लाभकारी रोजगार के अवसर कैसे सृजित करे, साथ ही श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा और व्यवसायों के लिए लचीलापन, इन दोनों के बीच संतुलन कैसे बनाए रखे।

# खुलेआम भिड़े रिजर्व और स्टेट बैंक के अर्थशास्त्री

## नकल करके आर्थिक रिसर्च रिपोर्ट तैयार करने का आरोप



**नई दिल्ली।** एक अभूतपूर्व घटना के तहत देश के मौद्रिक प्राधिकरण रिजर्व बैंक और देश के सबसे बड़े बैंक स्टेट बैंक के अर्थशास्त्री सार्वजनिक रूप से भिड़ गए। यह भिड़ंत आर्थिक रिसर्च की एक रिपोर्ट में नकल के मुद्दे पर हुई। हैरानी की बात ये है कि ये आरोप-प्रत्यारोप सार्वजनिक तौर पर सोशल मीडिया मंच लिंक्डइन पर लगाए गए। इस मामले ने देश के दो प्रमुख आर्थिक संस्थानों को थोड़ा असहज कर दिया है।

### रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्री ने लगाए डेटा चोरी के आरोप

दरअसल रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति विभाग के असिस्टेंट जनरल मैनेजर सार्थक गुलाटी ने लिंक्डइन पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिसर्च टीम ने एसबीआई की पब्लिकेशन रिपोर्ट के लिए केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति रिपोर्ट (एमपीआर) के हालिया संस्करण से बिना पूछे डेटा चोरी करने का आरोप लगाया। सार्थक गुलाटी ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा, 'वित्तीय और आर्थिक पेशेवर होने के नाते हम मौलिकता पर निर्भर होते हैं, लेकिन ये बेहद चिंताजनक है कि स्टेट बैंक की हालिया रिपोर्ट का डेटा रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति रिपोर्ट से जैसा का तैसा नकल कर लिया गया और इसकी इजाजत भी नहीं ली गई।'

आरबीआई कानून के तहत मौद्रिक नीति रिपोर्ट हर छह महीने में प्रकाशित होती है। इस रिपोर्ट में महंगाई के कारण और महंगाई को लेकर अगले 6-18 महीनों की भविष्यवाणी की जाती है। सार्थक गुलाटी ने आरोप लगाया कि इस तरह से आर्थिक रिसर्च डेटा की चोरी न सिर्फ पाठकों को गुमराह करेगी बल्कि इससे आर्थिक रिसर्च के स्टैंडर्ड को भी धक्का लगेगा।

स्टेट बैंक के अर्थशास्त्री तापस परीदा द्वारा लिंक्डइन पर ही रिजर्व बैंक के अर्थशास्त्री सार्थक गुलाटी के आरोप को खारिज कर दिया गया है।

# एलआईसी नहीं, अमेरिकी बीमा कंपनियों ने अदाणी समूह की कंपनियों में किया है भारी निवेश, आंकड़ों से खुलासा



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का निवेश इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में ये खुलासा किया, जिस पर विवाद हुआ। हालांकि आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि एलआईसी नहीं बल्कि अमेरिकी बीमा कंपनियां ने अदाणी समूह की कंपनियों में खूब निवेश किया है।

आंकड़ों से खुलासा हुआ है कि जून, 2025 में, अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) द्वारा 57 करोड़ अमेरिकी डॉलर (5,000 करोड़ रुपये) के निवेश के एक महीने बाद, अमेरिका स्थित एथेन इंश्योरेंस ने अदाणी के मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में 6,650 करोड़ रुपये (75 करोड़ डॉलर) का निवेश किया। एथेन की पैरेंट कंपनी अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट की जून 2023 की स्टेटमेंट के अनुसार, कंपनी के प्रबंधित फंड्स और अन्य सहयोगी निवेशकों ने भी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (टअक्छ) में करीब 75 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया।

कई वैश्विक कर्जदाताओं जैसे डीबीएस बैंक, डीजेड बैंक, रोबोबैंक, बैंक सिनोपैक कंपनी लिमिटेड ने भी अदाणी समूह की अदाणी एनर्जी लिमिटेड में करीब 25 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की अगस्त की एक रिपोर्ट के अनुसार, समूह ने वर्ष की पहली छमाही में बंदरगाह इकाई (एपीएसईजेड), नवीकरणीय ऊर्जा इकाई (एजीईएल), प्रमुख कंपनी (अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड) और बिजली पारेषण इकाई (अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड) में कुल मिलाकर 10 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक की नई ऋण सुविधाओं पर हस्ताक्षर किए।

गौरतलब है कि वॉशिंगटन पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि सरकारी अधिकारियों ने एलआईसी के निवेश को प्रभावित किया और अदाणी समूह की कंपनियों में निवेश कराया। शनिवार को एलआईसी ने बयान जारी कर वॉशिंगटन पोस्ट में किए गए दावे को फर्जी, आधारहीन और सच्चाई से परे बताया। एलआईसी ने कहा कि अदाणी समूह की कंपनियों में निवेश का फैसला स्वतंत्र तौर पर लिया गया और बोर्ड की नीतियों के तहत ही इसकी मंजूरी दी थी।

भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में जांच-पड़ताल के आधार पर विभिन्न कंपनियों में निवेश के फैसले लिए गए हैं। भारत की शीर्ष 500 कंपनियों में इसका निवेश मूल्य 2014 से 10 गुना बढ़कर 1.56 लाख करोड़ रुपये से 15.6 लाख करोड़ रुपये हो गया है। अदाणी समूह में इसका निवेश समूह के कुल 2.6 लाख रुपये के कर्ज के दो प्रतिशत से भी कम है।

# भारतीय कंपनियों की बढ़ेगी अधिग्रहण की ताकत

## बैंक ज्यादा देंगे कर्ज, आरबीआई ने जारी किया सर्कुलर

**नई दिल्ली।** भारतीय कंपनियों की अब घरेलू और विदेशी फर्मों में पूरा या बहुमत हिस्सेदारी खरीदने की ताकत बढ़ेगी। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों को इस तरह के अधिग्रहण के लिए दिए जाने वाले कर्ज की सीमा बढ़ाने का सर्कुलर जारी किया है। यह नया नियम एक अप्रैल, 2026 से लागू होगा। यह ऋण कम अवधि के वित्तीय पुनर्गठन के बजाय लंबी अवधि में मूल्य बनाने वाले रणनीतिक निवेश का हिस्सा होगा।



हालांकि, आरबीआई ने अधिग्रहण करने वाली कंपनियों को लेकर यह भी स्पष्ट किया है कि यह कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध होनी चाहिए।इनकी नेटवर्थ भी अच्छी होनी चाहिए। ज्यादा कर्ज देने के लिए बैंक इन कंपनियों के पिछले तीन वर्ष का मुनाफे का रिकॉर्ड भी ध्यान में रखेंगे।

रिजर्व बैंक के मसौदे के अनुसार, अधिग्रहण मूल्य का अधिकतम 70 प्रतिशत रकम बैंक दे सकता है। कम से कम 30 प्रतिशत हिस्सा अधिग्रहण करने वाली कंपनी को अपने धन का इस्तेमाल कर इक्विटी के रूप में फंड करना होगा। आरबीआई ने इस तरह के अधिग्रहण में किसी बैंक के कुल निवेश को उसके टियर-1 पूंजी के 10 प्रतिशत तक सीमित करने का प्रस्ताव दिया गया है। सर्कुलर में कहा गया है कि बैंक सीधे अधिग्रहण करने वाली कंपनी को ही लोन दे सकते हैं। इस तरह की नीति में उधार लेने वालों की योग्यता, सिक्योरिटी, जोखिम प्रबंधन, मार्जिन और निगरानी नियमों की सीमा और शर्तों की जानकारी मौजूद होनी चाहिए। बैंकों को यह सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि अधिग्रहण करने वाली कंपनी और बनाई गई एसपीवी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां या अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड जैसे वित्तीय बिचौलिये न हों।

## राशिफल

मेषः रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

वृषः आर्थिक नीति में परिवर्तन का समय है। लाभ के मौके मिलेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। जल्दबाजी न करें।

मिथुनः जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य निबटेंगे। प्रमाद न करें।

कर्कः चोट, चोरी, विवाद व रोग आदि से हानि व बाधा संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

सिंहः शारीरिक कष्ट संभव है। प्रेम-प्रसंग में बाधा संभव है। शत्रु परास्त होंगे। राजकीय बाधा दूर होगी।

कन्याः भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। रोजगार मिलेगा। थकान महसूस होगी।

तुलाः पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। धनार्जन होगा। भागदौड़ रहेगी।

वृश्चिकः दौड़धूप अधिक होगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। विवाद से क्लेश होगा। जोखिम न उठाएं।

धनुः चोट व रोग से बचें। कम प्रयास से कार्यसिद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मकरः शुभ समाचार मिलेंगे। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। किसी बड़ी समस्या से सामना होगा।

कुंभः बेरोजगारी दूर होगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। जोखिम न लें। यात्रा सफल रहेगी। प्रसन्नता रहेगी।

मीनः फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा।

## चुटकुले

पंडित जी ने प्रवचन करते हुए कहा - सोचो तुम्हें परमपिता परमेश्वर ने हाथ क्यों दिए हैं?
एक आदमी बोला- हाथ पर हाथ रखकर प्रवचन सुनने के लिए।

---

एक सज्जन दोस्त को बता रहे थे कि उनकी पत्नी उनका बहुत खयाल रखती हैं।
दोस्त ने पूछा-कैसे?
आदमी ने कहा - घर पर आये मेहमानों के चले जाने के बाद मेरे लिए तुरन्त गर्म पानी करती है।
दोस्त ने पूछा - तुम्हें गरम पानी की आवश्यकता क्यों पड़ती है?
आदमी ने कहा- मैं ठंडे पानी से बर्तन नहीं धो सकता।

---

ट्रेन में लिखा था, 'बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्री होशियार!
उसी ट्रेन में चिंटू भी जा रहा था।
उसने ये लाइन पढ़ी और बोला- वाह, जो टिकट न खरीदे वो होशियार
हमने जो खरीदकर रखी है तो हम बेवकूफ हैं क्या?

# 'एंटी-टैरिफ' विज्ञापन पर आगबूबला डोनाल्ड ट्रंप

### कनाडा पर नया आर्थिक प्रहार, 10% अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने का एलान

**नई दिल्ली।** अमेरिका और कनाडा के बीच ट्रेड वॉर तेज होता जा रहा है। इस घमासान को कनाडा के टैरिफ विज्ञापन ने और तूल दे दिया, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा के साथ सभी व्यापार वाताओं को खत्म करने की घोषणा की। वहीं अब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के बयान वाले विवादित टैरिफ विज्ञापन को नहीं हटाने पर आगबबूला हुए ट्रंप ने 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कनाडा के टैरिफ-विरोधी विज्ञापन को लेकर गुस्से में हैं।



इस बीच ट्रंप ने कनाडा पर विवादित विज्ञापन जल्दी ना हटाने पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त आयात कर लगाने का एलान किया है। कनाडा के विज्ञापन में पूर्व राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के शब्दों का इस्तेमाल अमेरिकी टैरिफ की आलोचना करने के लिए किया गया था, जिससे ट्रम्प नाराज हो गए और कनाडा के साथ व्यापार वार्ता समाप्त कर दी।

कई कनाडाई उत्पादों पर पहले से ही 35% टैरिफ लागू है, जबकि स्टील और एल्युमीनियम पर 50% टैरिफ है, और ऊर्जा उत्पादों पर केवल 10% टैरिफ लागू है। ट्रंप ने यह स्पष्ट नहीं किया कि अतिरिक्त 10% टैरिफ किन उत्पादों या क्षेत्रों पर लागू होगा।

हालांकि ओंटारियो के प्रीमियर डग फोर्ड ने कहा कि वह सप्ताहांत के बाद इस विज्ञापन को हटा देंगे। इस बीच यह विज्ञापन शुक्रवार रात वर्ल्ड सीरीज के पहले मैच के दौरान चलाया गया। ट्रम्प ने एयर फोर्स वन से मलयेशिया जाते समय अपने ट्रुथ सोशल प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में कहा, उनका विज्ञापन तुरंत हटाया जाना था, लेकिन उन्होंने इसे कल रात वर्ल्ड सीरीज के दौरान चलने दिया, यह जानते हुए भी कि यह एक धोखाधड़ी है।

ट्रंप ने आगे लिखा, तथ्यों को गलत तरीके से पेश करने और उनके शत्रुतापूर्ण व्यवहार के कारण मैं कनाडा पर टैरिफ में 10% की वृद्धि कर रहा हूं, जो कि वर्तमान में उनके द्वारा चुकाई जा रही राशि से भी अधिक है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- गाय के दूध में 8 प्रतिशत पानी होता है।
- मानसून शब्द अरब शब्द मोसिम से निकला जिसका अर्थ मौसम होता है।
- सोना 850 डिग्री सेंटीग्रेट पर पिघलता है।
- दूध में कीटाणु मिलने से ये खट्टा हो जाता है।
- बंदूक की गोली प्रति सेकंड 200 मीटर की रफ़्तार से चलती है।
- चीता सबसे तेज दौड़ने वाला जानवर है और बाज सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी है।
- मुख्य तीन रंग हैं लाल, पीला और नीला।
- जूडो को ओलंपिक्स में सन् 1964 में शामिल किया गया।
- पूर्वोतर का पहला नाम नेफा था।
- भारत का पहला भूमिगत बाजार पालिका बाजार 1978 में क्नॉट प्लेस नई दिल्ली में खुला था।
- पहले डाकखाने की शुरुआत कोलकाता में सन् 1737 ई: में हुई थी।
- थाईलैंड का पहला नाम सिआम था।
- त्रिपुरा प्रदेश का 25 प्रतिशत भाग बंगलादेश से घिरा हुआ है।
- भारत का चेन्नई बंदरगाह प्राकृतिक बंदरगाह नहीं है।

**प्रिय पाठकों,**
**आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।**

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

27 10 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



अनुराधा पौडवाल
गायक




दीक्षा सिंह



दीप्ती चौहान



ममता सहगल


अक्षय भारद्वाज


सन्नी चौधरी


आनन्द गुप्ता


धर्मेन्द्र गुप्ता


नरेश जैन


हिमांशु गुप्ता


दीपक शर्मा


देवव्रत धामा


गगन त्यागी


सचिन राजपूत


राम किशन शर्मा


सौरभ प्रजापति


शिवम शुक्ला


यूसूफ खान


शाकीब कुरेशी


मयंक चौहान

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# 'पिंक वॉक' में 3000 से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा

## यशोदा अस्पताल संजय नगर ने पूरे शहर को ब्रैस्ट कैंसर जागरूकता का दिया संदेश








**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर, गाज़ियाबाद ने आज 'ब्रैस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ' के अवसर पर आयोजित 'पिंक वॉक' के माध्यम से शहर में स्वास्थ्य और जागरूकता का संदेश फैलाया। इस वॉक में लगभग 3000 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह वॉक सुबह 6 बजे जी.डी. गोयंका पब्लिक स्कूल, राजनगर एक्सटेंशन से आरंभ होकर यशोदा सुपरस्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड कैंसर इंस्टीट्यूट, संजय नगर तक आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत यशोदा की फिजियोथेरेपी टीम द्वारा 'मूवमेंट मेडली' से हुई, जिसने प्रतिभागियों को जोश और ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात प्रतिभागियों ने गुलाबी परिधानों में ब्रैस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए वॉक की।

कार्यक्रम के समापन पर एक ऊजार्वान बॉलीवुड जुम्बा सत्र आयोजित किया गया, जिसने वातावरण को उत्साहपूर्ण बना दिया। वहीं एक नुक्कड़ नाटक ने सामाजिक संदेश दिया कि ब्रैस्ट कैंसर से जुड़ा डर और झिझक छोड़कर महिलाएं अपनी जांच समय पर करवाएं।


मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राजत अरोड़ा ने बताया कि यशोदा पश्चिमी उत्तर प्रदेश का पहला व्यापक ब्रैस्ट केयर सेंटर है, जो न केवल अत्याधुनिक इलाज बल्कि समय पर जांच और निदान की सुविधा भी प्रदान करता है।

डॉ. (सर्ज. लेफ्टिनेंट कमांडर) अनुश्री वर्तक, यशोदा हॉस्पिटल संजय नगर की ब्रैस्ट ऑन्को सर्जन ने कहा, दुनिया भर में महिलाओं में होने वाले कैंसर से होने वाली हर छठी मृत्यु ब्रैस्ट कैंसर से होती है। 40 वर्ष की आयु के बाद हर महिला को सालाना मैमोग्राम अवश्य करवाना चाहिए।

यशोदा ग्रुप की उपाध्यक्ष डॉ. शशि अरोड़ा ने बताया कि अक्टूबर माह में यशोदा हेल्थकेयर महिलाओं के लिए विशेष मैमोग्राफी कूपन भारी छूट पर उपलब्ध करा रहा है, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं स्क्रीनिंग करवाने के लिए प्रेरित हों। चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर अजय चौधरी ने कहा, ब्रैस्ट कैंसर केवल रोगी को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करता है। 'पिंक वॉक' का उद्देश्य समाज में इस बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इससे जुड़े मिथकों को दूर करना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को फ्री टी-शर्ट्स, रिफ्रेशमेंट्स और आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। 'पिंक वॉक' का यह आयोजन यशोदा हेल्थकेयर के सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को दर्शाता है –'अब स्वस्थ रहेगी हर नारी, यशोदा ने ली है जिम्मेदारी।'

# निष्कासित पूर्व बसपा जिला अध्यक्ष ने किया दावा रैली के लिए चंदे और खर्चे का हर ब्यौरा दिया

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बसपा से निष्कासित पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने 9 अक्टूबर को लखनऊ रैली को लेकर खर्च का ब्यौरा संगठन को देने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि उन पर रैली के खर्चे का ब्यौरा नहीं देने का जो आरोप लगाया गया जा रहा है वह बेबुनियाद है उन्होंने विधानसभा में मंडल प्रभारी की मौजूदगी में चंदा लेने और खर्च का पूरा ब्यौरा दे दिया है।



नरेंद्र मोहित ने कहा कि उन्होंने बचपन से ही बहुजन समाज के हितों को अपना मिशन माना है बहुजन समाज पार्टी से वह कभी भी दूर नहीं जा सकते हैं भले ही कुछ गलतफहमियों के कारण उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है लेकिन वह बसपा के अलावा किसी और दल में शामिल नहीं होंगे और ना ही पहले कभी किसी दल का सदस्य थे।

उन्होंने कहा कि 10 सितंबर मेरठ मंडल मीटिंग में मुनकाद अली पूर्व सांसद ने जिम्मेदारी दी थी। सभी मंडल प्रभारी और जिला कमेटी ने संयुक्त विधानसभाओं में जाकर मीटिंग की। उनके द्वारा किसी से भी कोई चंदा या सहयोग राशि अकेले नहीं ली गई। विधानसभा में जो मुख्य थे वो ही जिम्मेदार थे लेकिन ब्योरा सभी के पास था। रैली के बाद 18 अक्टूबर को मेरठ मंडल की मीटिंग में पूरा ब्योरा बना कर सभी के सामने मनोज कुमार जाटव को दे दिया था। जिस पर मेरे, मनोज के और जिला प्रभारी के संयुक्त हस्ताक्षर हैं।

जब मनोज जाटव जिला अध्यक्ष बने, उनके स्वागत समारोह में भी शामिल रहा और फिर अगले दिन भाई दौज वाले दिन भी राजनगर बसपा कार्यालय जाकर मंडल प्रभारी, जिला प्रभारी, जिला कमेटी, सभी विधानसभा अध्यक्ष के सामने पूरा रैली से संबंधित ब्योरा पेश किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने कोई अनुशासनहीनता नहीं की, पार्टी मेरे लिए सर्वोपरि है। पार्टी का हर आदेश महत्वपूर्ण है। हमेशा बसपा का सिपाही बनकर काम किया है।

# पार्षद मदन राय ने 20 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का किया उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद मदन राय ने बुद्धा पार्क के पास वार्ड 86 में 20 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राजेश कसाना अध्यक्ष आरडब्ल्यूए डॉ. जेपी अग्रवाल, वीपी अग्रवाल, प्रोफेसर सुखवीर बैसला, भीमसेन एडवोकेट, सुनील शर्मा, आशुतोष स्वामी, केके शुक्ला, विपिन गुप्ता, एसएन शर्मा, पंकज बर्मा, हनी गुप्ता, अंकिल मित्तल, एसएन गिरि और उमेश गुप्ता उपस्थित थे। पार्षद मदन राय ने बताया कि इस सड़क के निर्माण से वार्डवासियों को आवागमन में सुविधा होगी और क्षेत्र का विकास होगा।

उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता वार्ड के विकास और नागरिकों की सुविधा के लिए काम करना है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पार्षद मदन राय के प्रयासों की सराहना की और उनके समर्थन का आश्वासन दिया।

पार्षद मदन राय ने वार्ड 86 में 20 लाख की लागत से सड़क का उद्घाटन किया है, जिससे क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा। उन्होंने बताया कि उनकी प्राथमिकता वार्ड के विकास और नागरिकों की सुविधा के लिए काम करना है।

# कोलकाता नाइट राइडर्स को मिला नया हेड कोच

**नई दिल्ली।** तीन बार की आईपीएल चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स को अपना नया हेड कोच मिल गया है। पिछले सीजन के बाद फ्रेंचाइजी ने चंद्रकांत पंडित को हटा दिया था। इसके बाद टीम को नए कोच की तलाश थी जो अब उसे मिल गया है। ये शख्स टीम के मेंटॉर रहे गौतम गंभीर का दोस्त है और टीम इंडिया में भी उनके साथ काम कर चुका है।

कोलकाता के साथ लंबे समय तक रहने वाले अभिषेक नायर को टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया जाना तय है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक, नायर को इस फैसले के बारे में पिछले सप्ताह ही बता दिया गया था। हालांकि, इसका आधिकारिक एलान कुछ ही दिनों में किया जा सकता है।

### टीम इंडिया में भी किया काम

नायर 2024 में गंभीर के साथ ही केकेआर में थे। यहीं से वह टीम इंडिया में गंभीर के साथ गए थे लेकिन एक साल बाद उनका कार्यकाल खत्म कर दिया गया। इसके बाद वह कोलकाता ने बतौर सपोर्ट स्टाफ आए और अब टीम के हेड कोच नियुक्त कर दिए गए हैं। नायर लंबे समय से इस टीम के साथ हैं। टीम की सफलता में और इसे बनाने में उनका योगदान काफी है। जब वह टीम इंडिया को कोचिंग स्टाफ से विदा हुए थे तभी से ये चर्चा था कि उनका अगला ठिकाना केकेआर होगा।

### होनी है मिनी ऑक्शन

अगले महीने नवंबर में आईपीएल-2026 में मिनी ऑक्शन होना है। इसे लेकर टीमें अपनी रणनीति बनाएंगी। ऐसे में नायर कोलकाता की रणनीति में अहम रोल निभाएंगे। कोलकाता का पिछले साल प्रदर्शन काफी खराब रहा था। टीम आठवें स्थान पर रही थी। इस सीजन टीम अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश करेगी।

# छठ पर्व को उत्साह और स्वच्छता के साथ मनाएं श्रद्धालु









- निगम रहेगा अलर्ट, घाटों पर नगर आयुक्त ने अधिकारियों की लगाई ड्यूटी
- जीरो वेस्ट तथा प्लास्टिक मुक्त होंगे छठ घाट, निगम ने की तैयारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश अनुसार गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले घाटों को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थित किया गया है। हिंडन नदी मुख्य छठ घाट पर अधिकांश श्रद्धालु उपस्थित होकर व्रत करते हैं जिसके लिए अतिरिक्त व्यवस्थाएं हिंडन छठ घाट पर की गई है। नगर आयुक्त द्वारा छठ पर्व पर कोई कमी ना हो व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी प्रत्येक जोन में लगाई गई है। अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार तथा अपर नगर आयुक्त जंग बहादुर यादव को समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण करते हुए मॉनिटरिंग बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया जिसके क्रम में अपर नगर आयुक्त द्वारा अपने-अपने विभागों की टीम के साथ घाटों का निरीक्षण किया गया।

सभी घाटों पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था निगम द्वारा की गई हिंडन घाट पर 25 चेंजिंग रूम बनाए गए तथा प्रकाश विभाग द्वारा हिंडन घाट पर आकर्षक लाइट लगाई गई। स्वच्छता के साथ पर्व मनाने के लिए, श्रद्धालुओं को जागरूक करने के लिए होर्डिंग भी लगवाए गए। घाटों की सुंदरता और स्वच्छता बहुत ही आकर्षक बनी हुई है जो कि वरिष्ठ निगम अधिकारियों की मॉनिटरिंग में की गई है। नगर आयुक्त द्वारा सभी जोनल प्रभारी को अपने जोन में बने हुए छठ घाट को पूर्ण रूप से व्यवस्थित करने तथा भव्यता से छठ पर्व मनाने के लिए निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में सभी विभागीय अधिकारी भी व्यवस्था में व्रत के दौरान अलर्ट रहेंगे। श्रद्धालुओं से गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्वच्छता और उत्साह के साथ पर्व मनाने की अपील की गई है तथा निगम अधिकारियों को वही अलर्ट रहने के लिए भी उत्साहित किया गया है।

हिंडन छठ घाट पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त तथा जीरो वेस्ट पर आधारित रहेगा

गाजियबाद, करंट क्राइम। पुरबिया जन कल्याण परिषद के पदाधिकारी द्वारा गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए गए कार्यों एवं व्यवस्थाओं की भूरि भूरि प्रशंसा की गई जिसमें राष्ट्रीय महासचिव राकेश तिवारी तथा अध्यक्ष रीता सिंह व सदस्य मनोज द्वारा, गाजियाबाद नगर निगम प्रकाश विभाग स्वास्थ्य विभाग जलकल विभाग का विशेष रूप से धन्यवाद किया गया तथा निर्माण विभाग की टीम का भी उत्साह वर्धन किया गया गाजियाबाद नगर निगम नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार व्रत के दौरान पूर्ण रूप से अलर्ट रहेगा अधिकारियों द्वारा समस्त घाटों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। घाटों को पूर्ण रूप से स्वच्छ बनाने के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त तथा जीरो वेस्ट रखने के लिए गाजियाबाद नगर निगम की टीम द्वारा कार्यवाही की जा रही है तथा जन-जन को जागरुक भी किया जा रहा है। हिंडन छठ घाट पूर्ण रूप से प्लास्टिक मुक्त तथा जीरो वेस्ट पर आधारित रहेगा।

## समाधान शक्ति सामाजिक संस्था ने किया

# सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर 'सांसद खेल महोत्सव' का आयोजन









**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा दो दिवसीय 'सांसद खेल महोत्सव 2025' का भव्य आयोजन शालीमार गार्डन स्थित खैतान पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद एवं पूर्व खेल मंत्री भारत सरकार, ओलंपिक संघ अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, सांसद अतुल गर्ग द्वारा किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा , समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण, विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल,पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

दो दिवसीय इस खेल महोत्सव मे दौड़, कबड्डी, वॉलीबॉल, कराटे, महिला कुश्ती, लॉन्ग जंप, कोको, बास्केटबॉल और बैडमिंटन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का रोमांचक आयोजन किया गया। अलग-अलग राज्यों से इसमें खिलाड़ियों ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह आयोजन समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा लगातार 14 वीं बार सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया, जिसका उद्देश्य युवाओं में ऊर्जा, स्वास्थ्य, खेल संस्कृति और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक पप्पू पहलवान, महानगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार, विनोद पांडे के साथ संस्था के कार्यकताओं ने कार्यक्रम की व्यवस्था और संचालन मे सराहनीय भूमिका निभाई।

इस अवसर पर पार्षद राहुल शर्मा, पार्षद गोपाल सिसोदिया, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद मदन राय, प्रतीक माथुर, रोहित शर्मा, ऋषभ शर्मा, भूषण लाल, प्रेम त्यागी, अनिल शर्मा, डी.एन. कॉल, शैलेन्द्र सक्सेना, एस.पी. तिवारी, संदीप पाल , अनिल फोतेदार, हरमीत बक्शी, चन्द्रमनी केशव सक्सेना, कार्तिक शर्मा, किरणपाल, मदनलाल, राजेन्द्र, सुरेन्द्र, आर.पी. सिंह, सुनीता चौहान, सुमन सती, रूपा मुखर्जी, मंजू सिंह, निशा चौहान, प्रियंका सोलंकी, आशा पवार, विभा, बलप्रीत, कार्तिक शर्मा, अनुराग मिश्रा, बलराम त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।

### बेलिंडा बेनसिच बनीं पैन पैसिफिक ओपन की चैंपियन

**टोक्यो।** स्विट्जरलैंड की बेलिंड बेनसिच ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा और पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूनार्मेंट की चैंपियन बनने में सफल रहीं। बेनसिच ने फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 6-3 से हराया और करियर का 10वां खिताब जीतने में सफल रहीं। बेनसिच ने इससे पहले इस टूनार्मेंट में 10 साल पहले भाग लिया था। उन्होंने रविवार को खेले गए फाइनल में चेक गणराज्य की अपनी प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाए रखा। बेनसिच ने नोस्कोवा की सर्विस को तीन बार तोड़ते हुए एक घंटे 22 मिनट में आसान जीत हासिल की।

उन्होंने चार साल पहले टोक्यो में ओलंपिक महिला एकल में स्वर्ण पदक और युगल में रजत पदक जीता था। पिछली बार मैंने यहां जब टोक्यो ओलंपिक में जीत हासिल की थी, तब स्टेडियम खाली था, इसलिए माहौल बिल्कुल अलग था, लेकिन आप लोगों के सामने खेलना बहुत अच्छा लगा।

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

## शाइना और दीक्षा ने स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली।** शाइना मणिमुथु और दीक्षा सुधाकर ने रविवार को अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते जिससे भारत बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में अपना अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा। अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जबकि दीक्षा ने हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराकर अंडर-17 बालिका एकल का खिताब जीता। इस तरह से भारतीय दल ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों के साथ महाद्वीपीय स्पर्धा का समापन किया जो चैंपियनशिप में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे। तब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 लड़कों का एकल खिताब और चिराग शेट्टी और एमआर अर्जुन ने अंडर-17 लड़कों का युगल खिताब जीता था। शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पहले गेम में तोमिता पर दबदबा बनाया और फिर दूसरे गेम में जापान की खिलाड़ी की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए मैच 44 मिनट में जीत लिया। दीक्षा 27 मिनट तक चले फाइनल में अपना दबदबा कायम रखते हुए अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बनीं। जगशेर सिंह खंगगुरा तथा जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश की मिश्रित युगल जोड़ी ने शनिवार को कांस्य पदक जीता था।



# आरना के जन्मदिन पर हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन



















गाजियाबाद( करंट क्राइम)। दिग्विजय सिंह की लाडली बिटिया आरना सिंह के जन्मदिन पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। अपनी प्यारी बिटिया के जन्मदिन पर उसके लिए सर्व खुशियों की सर्व मंगल की कामना करते हुए दिग्विजय सिंह ने सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया। इस अवसर पर करंट क्राइम परिवार के मुख्य संरक्षक सुभाष गुप्ता, दैनिक करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, अंकिता गुप्ता सहित समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और बिटिया को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर सिंह परिवार की ओर से दिग्विजय सिंह, प्रज्ञा सिंह, विवेक तोमर, तूलिका सिंह, यतिन सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# बढ़े संपत्ति कर विषय पर एक रिपोर्ट बनाकर मुख्यमंत्री को जल्दी देंगे असीम अरुण



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बढ़े संपत्ति कर विषय को लेकर पार्षद वेलफेयर एसोसिएशन के 21 सदस्यों ने हस्ताक्षर कर एक पत्र जिला प्रभारी मंत्री असीम अरुण को सौंपा। पत्र के माध्यम से पार्षदों ने बताया कि नगर निगम की 30 जून 2025 बोर्ड बैठक में सभी पार्षदों, पदेन सदस्यों व माननीय महापौर सुनीता दयाल जी द्वारा बढ़े संपत्ति कर को सर्वसहमति से निरस्त कर दिया गया था। फिर भी निगम के अधिकारियों द्वारा शहर से बढ़ा संपत्ति कर वसूला जा रहा है। बढ़ा संपत्ति कर नगर के प्रत्येक व्यक्ति को प्रभावित करता है जिस से नगर की जनता त्रस्त है। कुछ लोगों द्वारा अज्ञानता या मजबूरी वश बढ़ा संपत्ति कर जमा भी करा दिया गया है। जनता बढ़े संपत्ति कर को स्वीकार नहीं कर रही है। निगम के अधिकारी विपक्ष का कार्य कर रहे है।

30 जून की बोर्ड बैठक के मिनट्स अभी तक पार्षदों को नहीं दिए गए है। जब कि मिनट्स के पांच पेजों को सोशल मीडिया पर लीक कर दिया है। ये सभी कागज गोपनीय है। अधिकारियों द्वारा पार्षदों को मिनट्स नहीं दिए जा रहे जबकि उस के पन्ने को सोशल मीडिया पर सार्वजनिक करना भी गलत है। प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने पार्षदों को आश्वासन देते हुए बताया कि गलत तरीके से बढ़े संपत्ति कर को लेकर मुख्यमंत्री से वार्ता हुई है वह जल्दी ही इस विषय पर एक रिपोर्टर बनाकर मुख्यमंत्री को भी देंगे।

इस अवसर पर पार्षद नीरज गोयल, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद पूनम सिंह, पार्षद कुसुम मनोज गोयल, पार्षद शशि गौतम, पार्षद शिल्पा चौधरी, पार्षद मिथलेश तीतोरिया, पार्षद नीलम भारद्वाज, पार्षद रुखसाना सैफी, पार्षद प्रतिमा शर्मा, पार्षद रेखा गोस्वामी, पार्षद देव नारायण, पार्षद ओम प्रकाश ओढ, पार्षद राजीव भाटी, पार्षद अनिल तोमर, पार्षद राजकुमार राजू, पार्षद रामनिवास बंसल, पार्षद प्रमोद राधव, पार्षद सतेंद्र चौधरी व पूर्व पार्षद जाकिर सैफी ने हस्ताक्षर कर पत्र सौंपा।

# एसीपी नंदग्राम ने छठ पूजा को लेकर किया निरीक्षण, घाटों पर सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** छठ महापर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से सहायक पुलिस आयुक्त नंदग्राम उपासना पांडे ने रविवार शाम थानाक्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों और पूजा स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल के साथ 30 फुटा रोड पर पैदल गश्त की और आमजन से संवाद स्थापित कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

एसीपी नंदग्राम उपासना पांडे ने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही भीड़ नियंत्रण, ट्रैफिक व्यवस्था और प्रकाश व्यवस्था पर भी सतर्क निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# लौह पुरुष सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर होंगे कई कार्यक्रम, निकाला जाएगा यूनिटी मार्च



**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में प्रदेश भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने प्रेस वार्ता में बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल के कार्यों एवं जीवन से प्रेरणा लेने के उद्देश्य से 31 अक्टूबर से तीन प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 31 अक्टूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। इस मार्च में विभिन्न संस्थाओं के छात्र-छात्राएं और सामाजिक संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता भाग लेंगे।

गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने कहा कि 31 अक्टूबर को विद्यालयों एवं कॉलेज में विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम भाजपा की ओर से नहीं है। यह सरकार और अन्य गैर सरकारी संगठन की ओर से आयोजित किया जाएगा। 1 नवंबर से 7 नवंबर के बीच स्कूल एवं कॉलेज में भाषण चित्रकला निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा उन्होंने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में यूनिटी मार्च का आयोजन किया जाएगा। करीब 8 किलोमीटर के यूनिटी मार्च में तीन पड़ाव पड़ाव होंगे यह यूनिटी मार्च कोई प्रतियोगिता नहीं बल्कि प्रतिभा मार्च होगा।

- **सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन हमें एकता, संकल्प और राष्ट्र निर्माण का अद्भुत संदेश देता है: असीम अरुण**
- **8 किमी के मार्च में हर 2 किमी पर होगी जनसभा: मयंक गोयल**

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि कार्यक्रम में भाजपा का कोई ध्वज या नारा नहीं होगा बल्कि जनता से जुड़े नारे लगाए जाएंगे। हर 2 किलोमीटर पर एक जनसभा का आयोजन किया जाएगा। इस मार्च में सभी विधायक, महापौर एवं अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। मार्च की शुरूआत कवि नगर रामलीला मैदान से होगी उसके बाद इनग्राहम इंस्टिट्यूट के सामने सभा का आयोजन किया जाएगा।

इसी तरह दूसरी सभा पुराना बस अड्डा पर होगी। यह मार्च अंबेडकर रोड उत्सव भवन विजयनगर से होते हुए मोहन नगर सरदार पटेल की प्रतिमा पर समाप्त होगा। सरदार पटेल की प्रतिमा पर जनसभा का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक महीने बाद गुजरात में 150 किलोमीटर का मार्च निकाला जाएगा जिसमें गाजियाबाद से कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता भाग लेंगे।

इस अवसर पर महामंत्री गोपाल अग्रवाल, राजेश त्यागी, सुशील गौतम, अभियान संयोजक सचिन डेढ़ा, सह संयोजक नवनीत मित्तल, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी एवं सह मीडिया प्रभारी धीरज अग्रवाल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।




## कमिश्नरेट पुलिस का मैनेजमेंट रहा टॉप




पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में रविवार को पहली बार वीवीआईपी प्रोटोकॉल की भरमार रही। राष्ट्रपति, रक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और दो दर्जन से ज्यादा ऐसे प्रमुख अतिथि जिनकी सुरक्षा से लेकर कई तरीके की जिम्मेदारियां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों द्वारा बीते दिनों की गई तैयारी के बाद निभाई गई है। पार्किंग की व्यवस्था से लेकर ट्रैफिक कंट्रोल और अन्य व्यवस्था बेहद चाक चौकबंद रही। पुलिस कमिश्नरेट के उन तमाम एक्टिव अधिकारियों को मुख्य मंच और मुख्य पंक्ति की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जो अपने काम से अलग पहचान रखते हैं। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट के उन जोन के भी खास एसीपी नजर आए, जो दूसरे जोन से बुलाए गए थे। मुख्य मंच से लेकर मुख्य पंक्तियों में सिटी वाले साहब के साथ तीन खास एसीपी नजर आए। जिसमें महिला एसीपी से लेकर खास सर्किल वाले भी नजर आए हैं। तो वहीं ट्रांस हिंडन वाले साहब भी नजरे जमाए रहे, तो वो मंच के इर्द-गिर्द ही रहे। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के वह तेज तर्रार थ्री-स्टार भी बेहद प्रमुख जिम्मेदारी संभालते दिखे, जिनपर आजकल सबकी नजर नहीं जा रही हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की अगुवाई में हुए इस बेहद महत्वपूर्ण कार्यक्रम में पुलिस वाला मैनेजमेंट बेस्ट रहा। गेट से लेकर वेटिंग एरिया और पार्किंग से लेकर हेलीपैड वाले इलाके तक एसीपी और डीसीपी स्तर के अधिकारी कमान संभाले हुए थे। वहीं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भी पुलिस का कोऑर्डिनेशन साफ नजर आ रहा था। विशिष्ट अतिथियों के आने से पहले एसीपी और खास प्रमुख जिम्मेदारी संभालने वाले थ्री-स्टार अपनी सारी तैयारी को चेक भी करने का काम कर रहे थे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में 23 बैच वाले नवआगंतुक टू-स्टारों की भी जमकर ड्यूटी रक्षा और खुफिया तंत्र वालों की भी वह टीम मंच के और कार्यक्रम स्थल के पास नजर आई, जो बेहद अलर्ट मोड पर रहती है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आयोजित हुए अबतक के सबसे प्रमुख और बिस्तार वाले कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कमिश्नर के दिशा निदेर्शों पर पुलिस का मैनेजमेंट टॉप का रहा बताया जा रहा है। तो इलाके वाले थ्री- स्टार और उनके सर्किल वाले साहब ने भी जमकर पसीना बहाया है। तो वहीं वह तमाम थाना प्रभारी भी नजर आए, जो कभी थानों की टेबल को गुलजार किया करते थे। कुल मिलाकर कार्यक्रम सफल, सुरक्षित और शांतिपूर्वक संपन्न हुआ है। वहीं कमिश्नरेट वाले सूत्र यह भी बता रहे हैं कि जिस तरीके से नदिया पार वाले साहब ने बीते लगभग पौने दो साल के दौरान एक से बड़े एक कार्यक्रमों के आयोजन को देखा है, उनके साथी और बैच वाले अभी इस एक्सपीरियंस से अनजान बताए जा रहे हैं।

# इंदिरापुरम भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के 'मन की बात'



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में न्याय खंड तीन लक्ष्मी एंटरप्राइजेज मंडल उपाध्यक्ष अनिल मेहंदी रत्ता के कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी भी उपस्थिति रहे। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संबोधन को ध्यान से सुना और उनके विचारों से प्रेरणा ली।

मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जिनमें स्वदेशी उत्पादों के उपयोग, पर्यावरण संरक्षण और एक पेड़ मां के नाम जैसे जन-जागरण अभियानों के माध्यम से प्रकृति व मातृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का आह्वान किया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विचारों से कार्यकर्ताओं को प्रेरणा मिली है और वे उनके आह्वान पर काम करने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला, उमाशंकर तोमर, प्रशांत राघव, मनोज डागा, संजीव शर्मा, दिनेश सिंह एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। भाजपा नेता अवतार सिंह भाटी ने अपनी बेटी एकता भाटी के जन्मदिन पर सभी से आशीर्वाद की कामना की । उन्होंने बिटिया के जन्मदिन की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। जन्मदिन की खुशियों को अपने आप में समेटे बधाई का एक सैलाब लिए यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# विधायक संजीव शर्मा ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

## शानदार व्यवस्थाओं से व्रती संतुष्ट, विधायक का जताया आभार




**गाज़ियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने रविवार को छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेते हुए विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बिजली, पानी, सफाई और सुरक्षा की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्रतियों को सूर्य देव को अर्घ्य देने में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

अजय चोपड़ा ने बताया कि संजीव शर्मा ने वार्ड 55 विजयनगर में मकान संख्या ए-481 के सामने और वार्ड 51 प्रताप विहार में मकान संख्या ए-424 के पास स्थित शिव मंदिर पार्क पर बने घाटों का निरीक्षण किया। नवयुग भोजपुरी विकास समिति के पदाधिकारियों ने सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विधायक का आभार जताया। विधायक ने प्रताप विहार, विजय नगर क्रॉसिंग, हिंडन नदी तट और अन्य स्थानों पर बने घाटों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा लोक आस्था का महापर्व है। सूर्य देव और छठी मैया की आराधना को समर्पित यह पर्व प्रकृति, पवित्रता और जीवन ऊर्जा के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। यह न केवल धार्मिक आस्था, बल्कि सामाजिक एकता का भी उत्सव है।

विधायक ने बताया कि सोमवार की संध्या को डूबते सूर्य और मंगलवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इस दौरान किसी को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान अनिल सिंह, ध्रुव देव यादव, आत्मा प्रसाद कुशवाहा, कामेश्वर गिरी, उमेश गिरी, राजाराम कुशवाह, बबलू जसवंत सिंह, जगदीश गुप्ता, आर.पी. शर्मा, आकाश सिंह, विकास सिंह, ओमप्रकाश तिवारी, उमाशंकर केसरी आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

# पूर्व पीएम इमरान खान के एक्स अकाउंट को बंद करने की मांग, पाकिस्तानी कोर्ट ने याचिका पर तय की सुनवाई



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के सोशल मीडिया अकाउंट एक्स को बंद करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की तारीख तय कर दी है। यह सुनवाई 4 नवंबर को होगी। 73 वर्षीय इमरान खान, पूर्व क्रिकेटर और बाद में राजनीति में आए, पिछले दो साल से कई मामलों में जेल में बंद हैं।

### क्या है मामला?

इस्लामाबाद हाईकोर्ट (आईएचसी) की ओर से जारी कारण सूची के अनुसार, जस्टिस अरबाब मोहम्मद ताहिर इस याचिका पर सुनवाई करेंगे। अदालत ने पहले ही पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, नेशनल साइबर क्राइम एजेंसी, जेल अधीक्षक और अन्य संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर उनके लिखित जवाब मांगे हैं।

### गैरकानूनी और भड़काऊ संदेश प्रसारित करने का आरोप

यह याचिका एक नागरिक ने बैरिस्टर जफरुल्लाह के जरिए दायर की है। याचिका में दावा किया गया है कि इमरान खान जेल में रहते हुए अपने एक्स अकाउंट से 'गैरकानूनी और भड़काऊ संदेश' प्रसारित कर रहे हैं, जिससे सार्वजनिक अशांति फैल सकती है और कानून-व्यवस्था पर असर पड़ सकता है। याचिकाकर्ता ने अदालत से मांग की है कि इमरान खान के अकाउंट से ऐसे सभी संदेश हटाए जाएं और भविष्य में ऐसे किसी भी संदेश के प्रसारण पर रोक लगाई जाए।

### बुशरा बीबी को राहत जारी

इसी बीच, इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की जमानत अवधि बढ़ा दी है। यह मामला 26 नवंबर को हुए एक प्रदर्शन से जुड़ा है। यह सुनवाई जज चौधरी आमिर जिया के समक्ष होनी थी, लेकिन उनकी अनुपलब्धता के कारण टाल दी गई। यह केस इस्लामाबाद के रामना थाने में दर्ज है, जिसमें शांति सभा और सार्वजनिक व्यवस्था अधिनियम सहित कई धाराओं में आरोप लगाए गए हैं।

पुलिस ने पीटीआई नेतृत्व पर अवैध सभा आयोजित करने और लोगों को भड़काने का आरोप लगाया है। अदालत ने अब सुनवाई की अगली तारीख 15 नवंबर तय की है और दोनों पक्षों को अपने तर्क पेश करने के लिए बुलाया है।

# नेपाल की अंतरिम सरकार को मिले दो और नए मंत्री

**काठमांडू।** नेपाल की अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने रविवार को अपनी सरकार में दो नए मंत्रियों को शामिल कर कैबिनेट का तीसरा विस्तार किया। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने एक विशेष समारोह में मंत्रियों को शपथ दिलाई। इस कदम से नेपाल की अंतरिम सरकार में नई ऊर्जा और प्रशासनिक स्थिरता लाने की कोशिश की जा रही है।

राष्ट्रपति कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री की सिफारिश पर बब्लू गुप्ता और सुधा गौतम को शपथ दिलाई गई। बब्लू गुप्ता को युवा और खेल मंत्रालय का प्रभार दिया गया, जबकि सुधा गौतम को स्वास्थ्य और जनसंख्या मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली। इसके साथ ही कैबिनेट में कुल दस मंत्री शामिल हो गए हैं।

**क्यों किया गया कैबिनेट विस्तार?**

इस कैबिनेट विस्तार का महत्व इस लिए भी है क्योंकि सुशिला कार्की को 12 सितंबर को नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया था। हाल ही में सितंबर में हुई दो दिनों की जनरेशन जेड की प्रदर्शन गतिविधियों ने देश में राजनीतिक अस्थिरता को उजागर किया था। नई नियुक्तियों से सरकार को जनता के साथ बेहतर संपर्क बनाने और प्रशासनिक कामकाज में तेजी लाने की उम्मीद है।

**इसलिए शामिल किए गए नए मंत्री**

सुशिला कार्की अंतरिम प्रधानमंत्री के रूप में अगले आम चुनाव तक सरकार का संचालन करेंगी। नेपाल में आम चुनाव पांच मार्च को होने की संभावना है।

इस दौरान सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक स्थिरता बनाए रखना, जनता की समस्याओं का समाधान करना और चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराना होगा। नए मंत्रियों के शामिल होने से सरकारी कार्यों में सक्रियता बढ़ेगी और युवा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में विशेष ध्यान देने की संभावना है।

# थाईलैंड और कंबोडिया ने संघर्ष विराम समझौते पर किए हस्ताक्षर

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भी रहे मौजूद

**कुआलालंपुर।** थाईलैंड और कंबोडिया की सरकारों के बीच रविवार को संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर हो गए। ये हस्ताक्षर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मौजूदगी में किए गए। गौरतलब है कि इस साल की शुरूआत में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सीमा पर हिंसक झड़पें हुईं थी और दोनों देश युद्ध के मुहाने पर पहुंच गए थे। हालांकि कथितत तौर पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दखल के बाद दोनों देश संघर्ष विराम के लिए तैयार हो गए थे। ट्रंप ने आर्थिक दबाव डालकर दोनों देशों के बीच शांति कराने का दावा किया था।

**पांच दिनों तक चली थी दोनों देशों में लड़ाई**



थाईलैंड और कंबोडिया के बीच जुलाई में पांच दिनों तक लड़ाई चली थी, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए और हजारों लोग घायल हुए थे। जमीन पर दावे को लेकर दोनों देश भिड़े थे। हालांकि ट्रंप के दखल के बाद दोनों देश संघर्ष विराम के लिए तैयार हो गए थे। समझौते के तहत पहले चरण में थाईलैंड और कंबोडिया कैदियों को रिहा करेंगे और कंबोडिया अपने तोपखाने को सीमा से हटाना शुरू करेगा। समझौते के तहत क्षेत्रीय ऑब्जर्वर स्थिति पर नजर रखेंगे और ये सुनिश्चित करेंगे कि लड़ाई दोबारा शुरू न होने पाए। कंबोडिया के प्रधानमंत्री हुन मानेट ने इस ऐतिहासिक दिन बताया। थाईलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा कि यह समझौता स्थायी शांति की बुनियाद तैयार करेगा।

**आसियान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने मलयेशिया पहुंचे हैं ट्रंप**

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर का कार्यक्रम मलयेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित किया गया।

# पाकिस्तान-अफगानिस्तान के बीच तुर्किये में बैठक

## इस्लामाबाद की गीदड़भभकी- फिर छिड़ सकती है लड़ाई

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान ने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को रोकने के लिए एक संयुक्त मॉनिटरिंग सिस्टम बनाने के लिए तुर्किये के इस्तांबुल में दूसरे दौर की बातचीत की। हालांकि पाकिस्तान अभी भी गीदड़भभकी देने से बाज नहीं आ रहा है और उसने कहा है कि अगर बातचीत विफल रहती है तो अभी युद्ध का विकल्प खुला है। दोनों देशों के बीच इस महीने की शुरूआत में सीमा पर झड़पें हुईं थी, जिसमें दर्जनों सैनिक और आम नागरिक और कथित आतंकवादी मारे गए थे। 19 अक्तूबर को दोनों पक्षों के बीच कतर के दोहा में बैठक हुई, जिसमें अस्थायी शांति बहाली पर सहमति बनी। तुर्किये ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता की।



दोहा में हुए समझौते के अनुसार, पाकिस्तान और अफगान तालिबान के बीच दूसरे दौर की बातचीत शनिवार को तुर्किये के इस्तांबुल में हुई। पाकिस्तान की तरफ से दिए गए आधिकारिक बयान के अनुसार, बातचीत में सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को रोकने और व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए एक संयुक्त निगरानी तंत्र स्थापित करने पर चर्चा हुई।

साथ ही दोनों देशों के बीच लंबे समय तक राजनीतिक समझ बनाने पर भी विचार किया गया। पाकिस्तान की तरफ से अफगान तालिबान को एक व्यापक आतंकवाद रोधी योजना सौंपी गई है।

### पाकिस्तान की अफगानिस्तान को धमकी

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक बयान में धमकी दी है कि अगर अफगान तालिबान के साथ बातचीत विफल रहती है तो युद्ध का विकल्प खुला है। ख्वाजा आसिफ ने कहा कि पिछले चार-पांच दिनों से सीमा पर शांति है, और दोहा में पहले दौर की बातचीत के दौरान दोनों देशों के बीच जिन बिंदुओं पर सहमति जताई गई थी, उनमें से 80 प्रतिशत बिंदुओं को लागू किया जा रहा है।

उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि पाकिस्तान द्वारा चार दशकों से अधिक समय तक अफगानों की मेजबानी करने के बावजूद अफगानों ने पाकिस्तान में आतंकवाद का समर्थन किया।

पाकिस्तान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी ने बताया कि पाकिस्तान ने अफगान तालिबान से तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। अफगानिस्तान के अंतरिम प्रशासन के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा था कि अफगान प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व गृह मंत्रालय में उप-मंत्री मौलवी रहमतुल्लाह नजीब करेंगे।

# चीन के विद्वानों ने भगवद गीता को बताया 'ज्ञान का अमृत', आधुनिक जीवन के लिए अमूल्य मार्गदर्शन

**बीजिंग।** चीन के विद्वानों ने भगवद गीता को 'ज्ञान का अमृत' और भारतीय सभ्यता का संक्षिप्त इतिहास बताते हुए आधुनिक दुनिया के लोगों के आध्यात्मिक और भौतिक संकटों के समाधान का स्रोत बताया। यह बातें संगम - भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम नामक संगोष्ठी में कही गईं, जिसे भारतीय दूतावास ने आयोजित किया।

### भगवद गीता का चीनी भाषा में अनुवाद

संगोष्ठी में 88 वर्षीय प्रोफेसर झांग बाओशेंग मुख्य वक्ता थे, जिन्होंने भगवद गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया है। उन्होंने गीता को भारत का दार्शनिक विश्वकोष और आध्यात्मिक महाकाव्य बताया, जो आज भी भारतीय जीवन पर गहरा प्रभाव डालता है। प्रो. झांग ने कहा कि उन्होंने 1984-86 के दौरान भारत की यात्रा के दौरान हर जगह भगवान कृष्ण की उपस्थिति का अनुभव किया।



### गीता प्राचीन भारतीय युद्धभूमि की संवाद

सेंटर फॉर ओरिएंटल फिलॉसफी रिसर्च के डाइरेक्टर प्रो. वांग झी-चेंग ने कहा कि गीता 5,000 साल पहले की प्राचीन भारतीय युद्धभूमि की संवाद है, जो आज भी आधुनिक जीवन की उलझनों और चिंताओं का समाधान प्रस्तुत करती है।

उन्होंने गीता की तीन प्रमुख शिक्षाओं कर्म योग, सांख्य योग, और भक्ति योग को आधुनिक जीवन के लिए मार्गदर्शक बताया। प्रो. यू लोंगयू, सेंटर फॉर इंडियन स्टडीज, शेनझेन यूनिवर्सिटी ने कहा कि भारतीय सभ्यता का गहरा दार्शनिक और सांस्कृतिक विरासत अध्ययन के योग्य है और चीनी विद्वानों को इसे समर्पण के साथ सीखना चाहिए।

भारतीय दूत, प्रदीप कुमार रावत, ने कहा कि गीता समेत भारत के दर्शनशास्त्र ने हमेशा मानवता के सबसे महत्वपूर्ण प्रश्नों ह्यसत्य क्या है? वास्तविकता का स्वरूप क्या है? ज्ञान और कर्म कैसे अंतिम मुक्ति की ओर ले जाते हैं?का उत्तर देने का प्रयास किया है। विद्वानों ने इस अवसर पर जोर देकर कहा कि भगवद गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आधुनिक जीवन के लिए नैतिक और आध्यात्मिक मार्गदर्शन भी है।

# लूवर संग्रहालय से गहने चोरी मामले में कई संदिग्ध गिरफ्तार

**पेरिस।** पेरिस के लूवर संग्रहालय से मुकुट रत्नों की चोरी के मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। पेरिस के अभियोजक ने बताया कि जांचकर्ताओं ने शनिवार शाम को ये गिरफ्तारियां की हैं। उन्होंने आगे बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों में से एक रोइसी हवाई अड्डे से देश छोड़ने की कोशिश कर रहा है।

घटना पिछले रविवार को हुई थी। घटना सुबह करीब 9:30 बजे की बताई गई थी। उस समय म्यूजियम में भारी संख्या में पर्यटक मौजूद थे। चोरों ने निर्माण स्थल के पास लिफ्ट का इस्तेमाल कर खिड़की तोड़ी, डिस्क कटर से शीशे काटे और सीधे उन शोकेसों तक पहुंचे जहां कीमती गहने रखे थे। उन्होंने डिस्प्ले केस तोड़कर नौ गहनों पर हाथ साफ किया और मोटरसाइकिल पर फरार हो गए।

## पेरिस छोड़ने की फिराक में था चोर



### क्या-क्या हुआ चोरी?

चोरी गए नौ गहनों में सबसे अहम था नेपोलियन तृतीय की पत्नी एम्प्रेस यूजिनी का पन्ना जड़ा ताज। यह सोने, हीरे और नक्काशीदार ईगल से सजा हुआ था। यह ताज संग्रहालय के बाहर टूटी हालत में मिला, जबकि बाकी गहनों का अभी तक कोई सुराग नहीं है।

### बास्केट लिफ्ट की मदद से घुसे चोर

फ्रांसीसी दैनिक ले पेरिसियन ने बताया कि अपराधी दुनिया के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले संग्रहालय और पूर्व महल में सीन की ओर मुख वाले हिस्से से घुसे, जहां निर्माण कार्य चल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उन्होंने अपोलो गैलरी के कमरे तक सीधे पहुंचने के लिए एक बास्केट लिफ्ट का इस्तेमाल किया। ले पेरिसियन ने कहा कि खिड़कियां तोड़ने के बाद, उन्होंने कथित तौर पर 'नेपोलियन और महारानी के आभूषण संग्रह से नौ आभूषण चुरा लिए।'

### सुरक्षा पर उठे सवाल



लूवर में इस तरह की घटना ने सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह वही गैलरी है जहां फ्रांस के ताजपोशी गहनों को प्रदर्शित किया जाता है। इस जगह को खासतौर पर ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक माना जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, दिनदहाड़े पर्यटकों के बीच इस तरह की चोरी यूरोप में पिछले एक दशक की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। यह चोरी ऐसे समय में हुई है जब संग्रहालय के कर्मचारी लगातार स्टाफ की कमी और सुरक्षा में ढिलाई की शिकायत कर रहे हैं। जून में भी कर्मचारियों ने भीड़भाड़ और कम कर्मचारियों के कारण हड़ताल की थी।

# रूस की परमाणु इंजन वाली 'बुरेवेस्तनिक' मिसाइल का सफल परीक्षण

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यह एलान किया कि उनके देश ने एक अद्वितीय परमाणु इंजन से लैस क्रूज मिसाइल 'बुरेवेस्तनिक' का सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल इतनी शक्तिशाली बताई जा रही है कि इसकी रेंज असीमित है। पुतिन ने इस परीक्षण के बाद रूसी सेना को आदेश दिया कि वह इस मिसाइल की तैनाती के लिए आवश्यक आधारभूत ढांचे की तैयारी शुरू करे।

टेलीविजन पर प्रसारित बैठक में पुतिन ने अपने रक्षा प्रमुखों के साथ चर्चा करते हुए कहा कि हाल ही में परमाणु बलों के अभ्यास के दौरान इस मिसाइल का परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि बुरेवेस्तनिक 15 घंटे तक हवा में रही और इस दौरान 14,000 किलोमीटर की दूरी तय की। पुतिन ने इसे रूस की सैन्य तकनीक में ऐतिहासिक उपलब्धि करार दिया। उनका कहना था कि इस मिसाइल की रेंज और क्षमता दुनिया की किसी भी मौजूदा मिसाइल रक्षा प्रणाली को चुनौती दे सकती है।



### कितना ताकतवर रूस का ये 'हथियार'

बुरेवेस्तनिक को इस तरह डिजाइन किया गया है कि यह पारंपरिक टर्बोजेट इंजन वाली मिसाइलों से बहुत अधिक दूरी तक उड़ान भर सके। इसके इंजन में एक सूक्ष्म परमाणु रिएक्टर लगा है, जो हवा को सुपरहीट कर आगे की दिशा में जोरदार थ्रस्ट पैदा करता है। इस कारण यह मिसाइल 50 से 100 मीटर की बेहद कम ऊंचाई पर उड़ सकती है, जिससे इसे रडार सिस्टम पर पकड़ना मुश्किल हो जाता है। रिपोर्टों के अनुसार, यह मिसाइल लक्ष्य पर वार करने से पहले घंटों या दिनों तक हवा में घूम सकती है और कई स्थानों पर एक साथ वार करने में सक्षम है।



### पीरक्षण में गई थी पांच वैज्ञानिकों की जान

इसके साथ ही यह बुरेवेस्तनिक में परमाणु वॉरहेड ले जाने की भी क्षमता है। इसकी अधिकतम संभावित रेंज 20,000 किलोमीटर तक बताई गई है, यानी यह रूस से उड़ान भरकर अमेरिका तक पहुंच सकती है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि यह पूर्ण परिचालन में लायी जाती है तो रूस के पास ऐसा हथियार होगा जो पारंपरिक मिसाइल सुरक्षा तंत्र को निष्प्रभावी कर सकता है। हालांकि, इस मिसाइल के पिछले कुछ परीक्षण असफल रहे हैं और 2019 में हुए एक हादसे में पांच वैज्ञानिकों की मौत भी हुई थी।

### रूस की सैन्य गतिविधियां

रूस के सर्वोच्च सेनापति के रूप में पुतिन ने रविवार सुबह यूक्रेन में चल रहे सैन्य अभियानों की संयुक्त कमान का भी दौरा किया। वहां उन्होंने चीफ ऑफ जनरल स्टाफ जनरल वैलेरी गेरेसिमोव और अन्य सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। बैठक के दौरान गेरेसिमोव ने राष्ट्रपति को जानकारी दी कि यूक्रेनी मोर्चे पर रूस को रणनीतिक बढ़त मिल रही है और दो अहम दिशाओं में 10,000 से अधिक यूक्रेनी सैनिक घेराबंदी में आ चुके हैं।

### गेरेसिमोव की ब्रीफिंग

गेरेसिमोव ने कहा कि यूक्रेनी सशस्त्र बलों की एक बड़ी इकाई, जिसमें 31 बटालियन शामिल हैं। वो रूसी नियंत्रण क्षेत्र में फंस चुकी है। उन्होंने बताया कि इस अभियान से रूस को पूर्वी यूक्रेन में निर्णायक लाभ मिला है। पुतिन ने भी इस रिपोर्ट पर संतोष जताया और कहा कि रूस अपनी सैन्य रणनीति को लगातार मजबूत कर रहा है। उन्होंने मिसाइल परीक्षण और यूक्रेन में जारी अभियान को रूस की सुरक्षा नीति के दो स्तंभ बताया।

### वैश्विक परिप्रेक्ष्य और संकेत

विशेषज्ञों का मानना है कि रूस का यह कदम वैश्विक शक्ति संतुलन पर सीधा असर डाल सकता है। परमाणु इंजन वाली मिसाइलों की दौड़ से अंतरराष्ट्रीय तनाव और बढ़ सकता है। अमेरिका और नाटो देशों की नजर इस परीक्षण पर है। वहीं, पुतिन ने साफ कहा कि रूस किसी को धमका नहीं रहा, बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों और सुरक्षा के लिए सक्षम हथियार प्रणाली विकसित कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस भविष्य में ऐसी तकनीकों पर काम जारी रखेगा जो रणनीतिक संतुलन को रूस के पक्ष में बनाए रखें।

# उत्तरी कैरिबियन में तूफान मेलिसा, बाढ़ का खतरा

## जापान ने नए कार्गो यान का किया सफल प्रक्षेपण

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने दो और संयुक्त राष्ट्र कर्मियों को अगवा किया है। यमन में संयुक्त राष्ट्र के खिलाफ लगातार आक्रामक तेवर दिखा रहे हूती लड़ाकों ने जिन्हें अगवा किया है उसमें एक महिला भी शामिल हैं, जिनकी हालत गंभीर है।

शनिवार को यमन की राजधानी सना में विश्व खाद्य कार्यक्रम की दो महिला कर्मचारियों को घर से अगवा किया गया। इनमें से एक महिला ने हाल ही में समय से पहले बच्चे को जन्म दिया था, जिसकी मृत्यु हो गई थी। वह एक अन्य हत्रद्ध कर्मचारी की बहन है। महिला के भाई को इस महीने की शुरूआत में कुछ समय के लिए किडनैप किया गया था।

संयुक्त राष्ट्र अधिकारियों के मुताबिक हूती विद्रोहियों ने गत गुरुवार और शुक्रवार को भी कुछ कर्मियों को अगवा किया। विद्रोही समूह संयुक्त राष्ट्र की संपत्तियां और संचार उपकरण भी अपने कब्जे में ले चुके हैं। हूती विद्रोही अब तक कम से कम 55 संयुक्त राष्ट्र कर्मचारियों को अगवा कर चुके हैं। लगातार बढ़ती इन घटनाओं और दबाव के कारण संयुक्त राष्ट्र को इस इलाके में अपनी गतिविधियों को सीमित करना पड़ा है। शीर्ष अधिकारी को सना से अदन भेज दिया गया है।

**उत्तरी कैरिबियन में तूफान मेलिसा, बाढ़ का खतरा**

अमेरिकी मौसम विशेषज्ञों ने बताया है कि उष्णकटिबंधीय तूफान 'मेलिसा' के कारण जमैका में चक्रवात का खतरा बढ़ गया है।

मौसम विभाग ने चेतावनी जारी कर कहा, उत्तर कैरेबियाई क्षेत्र में बाढ़ और भूस्खलन का खतरा भी पैदा हो गया है। मेलिसा फिलहाल 110 किमी प्रति घंटा की गति से आगे बढ़ रहा है। रविवार तक ये बड़े चक्रवात में बदल सकता है।

# यशोदा मेडिसिटी के भव्य उद्घाटन के अवसर पर मौजूद रहे गाजियाबाद के भाजपा नेता







गाजियाबाद( करंट क्राइम) । रविवार को यशोदा मेडिसिटी का भव्य उद्घाटन हुआ। इसमें देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ साहित राजनीति के दिग्गज पहुंचे। यह प्रोजेक्ट वास्तव में चिकित्सा के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी सफलता है। यशोदा मेडिसिटी के उद्घाटन के अवसर पर राजनीति के दिग्गजों के अलावा गाजियाबाद के भाजपा नेता भी मौजूद रहे। सभी ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और हर्ष व्यक्त किया।